卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 204 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦5 मई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# गुरूद्वारा नानकमत्ता प्रबंध कमेटी का विवाद गरमाया

## हरबंस चुघ के इस्तीफे के बाद डायरेक्टरों ने चुना नया प्रधान,गुरूद्वारे में दोनों पक्षों के बीच तनाव, भारी फोर्स तैनात

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब की प्रबंध कमेटी का विवाद एक बार फिर गरमा गया है। रविवार को कमेटी के दोनों पक्षों के लोग आमने सामने आ गये। एक पक्ष ने प्रधान हरबंस चुघ के इस्तीफे को स्वीकार करते हुए नया प्रधान चुन लिया। नया प्रधान चुनने के बाद हरबंस चुघ जब अपने समर्थकों के साथ मीटिंग कर रहे थे तो दूसरे पक्ष ने विरोध शुरू कर उन्हें बाहर निकालने की मांग शुरू कर दी। इस दौरान हंगामे के बीच पुलिस ने हरबंस चुघ और उनके समर्थकों को बमुश्किल संगत के बीच से सुरक्षित निकाला। विवाद के चलते गुरूद्वारा परिसर में तनाव के मद्देनजर भारी फोर्स तैनात करनी पड़ी। बता दें डेरा कार सेवा के प्रमुख जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह की पिछले दिनों हत्या के बाद इस मामले में डेरे के सेवादार की ओर से गुरूद्वारा प्रबंध कमेटी के प्रधान हरबंस चुघ समेत कुछ अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी थी। हत्याकाण्ड के मामले में अभी तक पुलिस कई लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। मामले की जांच अभी जारी है। जांच के बीच ही प्रबंध कमेटी के प्रधान हरबंस चुघ ने पद से इस्तीफा दे दिया था,जिसे बाद में संगत ने एक सभा में अस्वीकार करते हुए हरबंस चुघ से इस्तीफा वापस लेने का अनुरोध किया जिस पर हरबंस चुघ ने इस्तीफा वापस लेने का निर्णय लिया था। लेकिन रविवार को मामला फिर गरमा गया। रविवार को प्रबंध कमेटी के दूसरे गुट के डायरेक्टरों ने गुरूद्वारा परिसर में बैठक बुलाकर हरबंस चुघ का इस्तीफा स्वीकार (शेष पृष्ठ सात पर)





## हरबंस चुघ का इस्तीफा मंजूर,जोगिंदर सिंह नए प्रधान



नानकमत्ता(उद संवाददाता)। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरबंस सिंह चुघ के इस्तीफा देने के बाद उनका इस्तीफे को स्वीकार करते हुए नए प्रधान के रूप में जोगिंदर सिंह को चुन लिया गया। गुरुद्वारे के नए प्रधान के चुने जाने के समय तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात था। जिलेभर की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची थी। दोपहर 12 बजे गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के डायरेक्टरों ने एक मीटिंग बुलाई, मीटिंग में गुरुद्वारा कमेटी के 13 डायरेक्टर शामिल हुए। मीटिंग में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरबंस सिंह के इस्तीफा को लेकर चर्चा हुई, जिसमें सर्वसम्मति से गुरुद्वारा कमेटी के नए प्रधान के लिए एक राय से जोगिंदर सिंह डायरेक्टर बहेड़ी को नए प्रधान के रूप में चुन लिया गया। गुरुद्वारा कार्यालय के बाहर प्रेस वार्ता में अमरजीत सिंह बेदी ने बताया कि सर्वसम्मति से प्रधान चुघ का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है और नए प्रधान के रूप में जोगिंदर सिंह को चुन लिया गया है, इस मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव सरदार अमरजीत सिंह,गुरवंत सिंह सोनी आदि थे।

## बाबा रविंद्र सिंह को डेरा कार सेवा की कमान



नानकमत्ता(उद संवाददाता)। डेरा कार सेवा के बाबा तरसेम सिंह की हत्या के बाद आज उनके सैकड़ो समर्थक डेरा कार सेवा में पहुंचे। जहां सर्वसम्मति से दिल्ली वाले बाबा रविंद्र सिंह को नानकमत्ता साहिब डेरे की जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही कार सेवा बाबा तरसेम सिंह की हत्या की साजिश रचने वाले लोगों को बेनकाब करने की मांग की गई। डेरा कार सेवा में प्रात: से ही सैकड़ो की तादाद में संगत का आना शुरू हो गया था, दिल्ली वाले बाबा बचन सिंह डेरा कार सेवा में पहुंचे थे, उन्हीं के निर्देश पर डेरा कर सेवा नानकमत्ता के प्रबंधन की जिम्मेदारी संगत के सामने दिल्ली वाले बाबा रविंद्र सिंह को सौंप दी गई। इस दौरान डेराकार सेवा में सतनाम वाहेगुरु का जाप के साथ संगत ने बाबा तरसेम सिंह के हत्यारों को बेनकाब करने की मांग भी की। संचालन कर रहें अजीत पाल सिंह ने सर्वसम्मति से सभी प्रस्ताव पास किये।

## बिलों में गड़बड़ी पर ईएसआई ने दस अस्पताल किये निलंबित

देहरादून(उद संवाददाता)। मरीजों के उपचार में अनियमितताओं के चलते ईएसआई ने उधम सिंह नगर के तीन अस्तपतालों सहित दस निजी अस्पतालों को निलंबित कर दिया है। आरोप है कि ये अस्पताल मरीजों के उपचार के बिलों में गड़बड़ी कर रहे थे। बता दें निदेशालय कर्मचारी राज्य बीमा योजना, श्रम चिकित्सा सेवांए उत्तराखण्ड के अंतर्गत आच्छादित बीमाकिंत एवं उनके आश्रितों को द्वितीय स्तरीय चिकित्सा सुविधायें प्रदान कराये जाने के उद्देश्य से नगद रहित योजना के तहत निर्धारित नियम एवं शर्तों के अधीन कई निजी चिकित्सा संस्थानों को अनुबंधित किया गया है। बताया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में कई अनुबंधित चिकित्सा संस्थानों के द्वारा यूटीआई पोर्टल पर जमा किये देयकों की समीक्षा में पता चला कि कई चिकित्सा संस्थानों ने चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों के भर्ती मामले में आने वाले उपचार का व्यय सामान्य से कहीं अधिक दिखाया है। इस तरह की अनियमिमतायें सामने आने पर काशीपुर के केवीआर हास्पिटल, कृष्णा अस्पताल, अनमोल अस्पताल, हल्द्वानी के बृजलाल अस्पताल, बालाजी अस्पताल, हरिद्वार के मैट्रो हॉस्पिटल एवं हार्ट इंसीट्यूट, वेलनगिरी हिल्स नर्सिंग (शेष पृष्ठ सात पर)

## अनियंत्रित कार पेड़ से भिड़ी,दो की मौत

### तेज रफ्तार बनी हादसे का कारण,धर्मपुर में सुबह हुआ दर्दनाक हादसा



देहरादून(उद संवाददाता)। धर्मपुर स्थित एलआईसी बिल्डिंग के पास कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गयी। हादसे में किन्नर सहित दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए कोरोनेशन अस्पताल पहुंचाया। घटना सुबह करीब 6 बजे की है। बताया जाता है कि एक कार रिस्पना पुल से घंटाघर की तरफ आ रही थी। धर्मपुर स्थित एल आई सी बिल्डिंग के निकट कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। घटना के समय कार में दो लोग सवार थे। दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी। एक मृतक की पहचान गौरव कुमार निवासी बनोवाला के रूप में हुई है जबकि एक अन्य मृतक किन्नर है जिसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पारिवारिक विवाद में ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

देहरादून(उद संवाददाता)। मोहकमपुर रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। पुलिस के मुताबिक कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी की मोहकमपुर रेलवे फाटक के पास एक व्यक्ति ने ट्रेन से कट कर खुदकुशी कर ली है। सूचना पर थाना नेहरू कॉलोनी पुलिस टीम मौके पर पहुंची। तलाशी में मृतक की जेब से एक आधार कार्ड मिला, जिसके आधार पर पहचान अंकुर नरवाल निवासी 1906 वार्ड नंबर 10 गली नंबर 13 (शेष पृष्ठ 7पर)

## खेत में खड़े 150 पेड़ काटे

रूद्रपुर। ग्राम लम्बाखेड़ा में डेढ़ सौ हरे पेड़ काटने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गयी है। कोतवाली में दी तहरीर में लम्बाखेड़ा निवासी हबीब अहमद पुत्र मोहम्मद अहमद ने कहा है कि गांव में चाचा कुर्बान अली व अनवार हुसैन के शामिल खाते की कृषि योग्य भूमि में उन्होंने लगभग ढाई माह पूर्व पौपलर के पेड़ लगाये थे। तीन मई को जब वह सुबह खेत पर गये तो पता चला कि अज्ञात लोगों ने खेत में 150 हरे पेड़ों को काटकर गिरा दिया था। मामले में पुलिस से कानूनी कार्रवाई की मांग की गयी है।

## बेकाबू डंपर ने ली मासूम की जान,दंपत्ति घायल



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। काशीपुर रोड पर जाफरपुर कनटोपा के बीच बेकाबू डंपर ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार चार साल की मासूम बच्ची की मौत हो गयी जबकि उसके माता पिता गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल दंपत्ति को निजी अस्पताल भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक बाजपुर निवासी राकेश रविवार सुबह स्पलैंडर बाइक संख्या यूके 06एयू 5431पर अपनी पत्नी अंजू और चार साल की बेटी ऐंजल को लेकर कीरतपुर में अपनी ससुराल जा रहा था। प्रात: 11.30 बजे जाफरपुर कनटोपा के बीच गदरपुर की ओर से आ रहे डंपर संख्या यूपी 91पी 6767 ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में चार साल की ऐंजल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी जबकि राकेश और अंजू गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घायल दंपत्ति को उपचार के लिए निजी अस्पताल भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, साथ ही डंपर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## रोडवेज और ट्रक की टक्कर में कई घायल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रोडवेज बस और ट्रक की भिड़ंत में चालक परिचालक समेत कई यात्री घायल हो गये। परिचालक की हालत गंभीर है। जबकि अन्य को मामूली चोटें आयी है। जानकारी के अनुसार दिल्ली से लौट (शेष पृष्ठ सात पर)



# हरिद्वार और ऋषिकेश में होगा चारधाम यात्रियों का ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन

देहरादून। चारधाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों को अपनी यात्रा को सुगम और सुविधाजनक बनाना है तो वे रजिस्ट्रेशन जरूर कराएं। प्रदेश सरकार ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की पहले से ही व्यवस्था की है और अब ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन का भी विकल्प खोला जा रहा है। यह विकल्प केवल यात्रा के प्रवेश द्वार हरिद्वार और ऋषिकेश में होगा। चारों धामों में रजिस्ट्रेशन की कोई व्यवस्था नहीं होगी। इसलिए यात्री चारों धामों में पहले से ही रजिस्ट्रेशन करा कर पहुंचे। पिछले कुछ वर्षों से चार धामों पर आने वाले यात्रियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। चार मई तक 20 लाख यात्री अपना पंजीकरण करा चुके हैं। यह आंकड़ा बता रहा है कि इस बार चारधाम यात्रा पर रिकॉर्ड संख्या में यात्री आ सकते हैं। इसे देखते हुए सरकार के सामने भीड़ प्रबंधन की बहुत बड़ी चुनौती है। इस चुनौती से निपटने के लिए सरकार ने रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की है, ताकि यात्रा को नियोजित और नियंत्रित ढंग से संचालित किया जा सके। चारों धामों की धारण क्षमता के हिसाब से प्रतिदिन यात्रियों की संख्या निर्धारित की गई है। ऐसे में रजिस्ट्रेशन कराना बेहद जरूरी है ताकि यात्री यात्रा के दौरान परेशानी से बच सकें। उन्हें समय पर धामों में दर्शन हो सकें। रजिस्ट्रेशन के आधार पर ही उन्हें दर्शन के लिए टोकन मिलेंगे। सरकार के पास यात्रियों की संख्या का सही रिकॉर्ड होने से वह उसी हिसाब से सुविधाओं और संसाधनों की व्यवस्था कर सकेगी। सुरक्षा के उपाय भी हो सकेंगे। राज्य में 10 मई से शुरू होने जा रही चारधाम यात्रा के मद्देनजर केदारनाथ हेली सेवा की बुकिंग में जबरदस्त उत्साह नजर आया है। शनिवार को कुछ ही घंटों के भीतर 10 मई से 20 जून तक के सभी टिकट बुक हो गए। अब मानसून सीजन को छोड़कर उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण ने सितंबर-अक्तूबर की हेली सेवाओं की बुकिंग विंडो खोल दी है। शनिवार को सुबह जैसे ही केदारनाथ हेली सेवाओं की बुकिंग आईआरसीटीसी की वेबसाइट के माध्यम से शुरू हुई तो जबरदस्त उत्साह नजर आया। शाम करीब पांच बजे तक 10 मई से लेकर 20 जून तक के सभी हेली टिकट बुक हो गए। युकाडा के सीईओ सी रविशंकर ने बताया कि चूंकि 20 जून से लेकर जुलाई व अगस्त में हेली सेवा ऑपरेटर कम रहते हैं। लिहाजा, इस अवधि की हेली बुकिंग अभी नहीं की जा रही है। उन्होंने बताया कि तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए शनिवार को ही 15 सितंबर से 31 अक्तूबर की अवधि की हेली बुकिंग भी खोल दी गई है। देर शाम तक इस अवधि की भी टिकट बुकिंग में तेजी आनी शुरू हो गई थी।



## तीर्थयात्रियों की संख्या सीमित करने का विरोध

चमोली। चारधाम यात्रा में ऑनलाइन बुकिंग में तीर्थयात्रियों की संख्या सीमित करने के निर्णय का चारधाम होटल एसोसिएशन और बदरीनाथ होटल एसोसिएशन ने विरोध किया है। एसोसिएशन ने इस बाबत सीएम को ज्ञापन भेजा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बदरीनाथ धाम में तीर्थयात्रियों की संख्या सीमित की गई तो 12 मई को धाम के कपाट खुलने के दिन बदरीनाथ बंद का आह्वान किया जाएगा। बदरीनाथ होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश मेहता ने बताया, तीर्थयात्रियों का पंजीकरण करना जरूरी है, लेकिन यात्रियों की संख्या सीमित नहीं की जानी चाहिए। बदरीनाथ धाम में एक दिन में 25,000 तीर्थयात्रियों के ठहरने की व्यवस्था है। इसके बावजूद भी शासन एक दिन में 18,000 तीर्थयात्रियों के पंजीकरण की बात कर रहा है। उन्होंने धाम में आंतरिक सड़क को यात्रा से पहले सुचारू करने और पांच मई तक बिजली, पानी की व्यवस्था चाक-चौबंद करने की मांग भी उठाई है।

# मैदानी क्षेत्रों में बढ़ती गर्मी से लोग बेहाल, तापमान बढ़ने की संभावना

देहरादून। दून का तापमान इस सीजन में पहली बार 39 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया। आने वाले दो दिनों तक अधिकतम तापमान में कमी आने की संभावना नहीं है। मैदानी क्षेत्रों में अधिकतम तापमान सामान्य से तीन से चार डिग्री सेल्सियस अधिक रहने की संभावना है। शनिवार को सुबह सात बजे से चटख धूप खिली रही। दोपहर दो बजे तक गर्मी ने प्रचंड रूप ले लिया। जिससे बाजारों में आवाजाही बहुत कम हो गई। देहरादून का अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस अधिक 38.9 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक 23.0 डिग्री सेल्सियस रहा। पंतनगर का अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस अधिक 38.5 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 19.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मुक्तेश्वर का अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री से अधिकतम 28.9 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक 14.1 डिग्री सेल्सियस रहा। नई टिहरी का अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस अधिक व न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस अधिक 16.4 डिग्री सेल्सियस रहा। उधर, दोपहर बाद गंगोत्री, बदरीनाथ, औली व घांघरिया में वर्षा हुई, जिससे इन क्षेत्रों के आसपास के तापमान में कमी दर्ज की गई। वहीं, पहाड़ी जनपदों के निचले क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने से आग आसपास के जंगलों को अपनी चपेट में ले रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार रविवार एवं सोमवार को राज्य के देहरादून, पौड़ी, हरिद्वार, नैनीताल, चम्पावत, उधमसिंह नगर के कुछ क्षेत्रों में 30 से 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। इसके लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। सोमवार शाम से चार हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाली चोटियों पर बर्फबारी होने की संभावना है। साथ ही मैदानी क्षेत्रों में तापमान बढ़ने की संभावना है।

# जंगल में आग लगाने का वीडियो बनाने वाले बिहार के तीन युवकों को दबोचा

चमोली। सोशल मीडिया पर वनाग्नि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाई वीडियो का संज्ञान लेते हुए चमोली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन युवाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस की जांच में वीडियो पांडवाखाल, गैरसैंण चमोली का होना पाया गया। इन दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ युवक वनाग्नि को बढ़ावा देते हुए नजर आ रहे हैं। इस वीडियो का चमोली पुलिस ने संज्ञान लेते हुए जांच पड़ताल की, जिसमें वीडियो चमोली का होना पाया गया।



पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार के निर्देश पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बृजेश कुमार, सलमान व शुखलाल, तीनों बिहार निवासी को गिरफ्तार कर धारा 26 भारतीय वन अधिनियम के तहत सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया है। तीनों युवकों को थाना गैरसैंण लाया गया है। पूछताछ में युवकों ने बताया कि सोशल मीडिया पर लोकप्रियता हासिल करने के लिए उन्होंने यह वीडियो अपलोड किया था। पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने वनों को आग से बचाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि घटना वाले क्षेत्रों में आग बुझाने की सबसे पहले जिम्मेदारी स्थानीय निवासियों की है। आग लगने पर वन विभाग व फायर सर्विस को सूचित करें।

# जिले में मेंथा की खेती करेंगी समूह की महिलाएं

रुद्रपुर। स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं की आय बढ़ाने के लिए एनआरएलएम के तहत खेती-किसानी से जोड़ा जा रहा है। अब जनपद में समूह की महिलाएं मेंथा की खेती करेंगी। इसके लिए सीडीओ ने सभी बीडीओ से अपने-अपने क्षेत्र से प्रस्ताव मांगे हैं। मेंथा की खेती महंगी मानी जाती है। इस फसल को पानी की बेहद जरूरत पड़ती है। गर्मी महीने में इसकी फसल की कटाई की जा सकती है। फसल को धूप में सुखाने के बाद प्रोसेसिंग कर इससे तेल निकाला जाता है। करीब एक बीघा जमीन पर मेंथा की खेती करने पर 50 से 60 लीटर तक तेल का उत्पादन हासिल किया जा सकता है। इसका उपयोग कई तरह के सौंदर्य, दवा सहित अन्य कार्यों में उपयोग में लाया जाता है। खुले बाजार में इसका तेल प्रति लीटर 1000 से 1100 रुपये तक का बिकता है। यह फसल लगभग 120 दिन में तैयार हो जाती है। सबसे बड़ा फायदा यह है कि इस फसल को बेसहारा जानवर भी नुकसान नहीं करते। मेंथा की खेती की तरह ही महिलाओं को ड्रैगन फ्रूट की खेती पर बल दिया गया है। इसके लिए बाजपुर, गदरपुर व रुद्रपुर विकास खंड में एक-एक हेक्टेयर जमीन चिह्नित की जा रही है। जहां पर समूह की महिलाएं ड्रैगन फ्रूट की खेती नजर आएंगी।

# घर में चोरी कर रहे एक चोर को रंगे हाथ पकड़ा


रामनगर (उद संवाददता)।दिनदहाड़े घर के अंदर घुसकर चोरी कर रहे एक चोर को लोगों ने मौके पर ही रंगे हाथ पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी देते हुए कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि शनिवार की दोपहर ग्राम चोरपानी शिव कॉलोनी निवासी उमा बिष्ट ने पुलिस को सूचना दी कि एक युवक उनके घर में घुसकर चोरी कर रहा था जिसे स्वयं घर में मौजूद लोगों द्वारा आसपास के लोगों की मदद से मौके पर ही दबोच लिया गया। जिसकी सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घर में चोरी कर रहे टेडा रोड लखनपुर निवासी रोहित को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से घर से चोरी किया हुआ एक गैस सिलेंडर बाइक मोबाइल फोन बरामद कर महिला की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ अभियोग दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गई है।



# जंगलों की आग से फैली धुंध, हेली सेवा पर लगाई रोक

## कुमाऊं और गढ़वाल मंडल के वन्यजीव प्रभाग क्षेत्रों में तीन हजार 983 फायर वाचर तैनात





देहरादून/नैनीताल (उद संवाददाता)। कुमाऊं मंडल के जंगलों में लगी आग और धुंध के चलते हल्द्वानी से पिथौरागढ़, मुनस्यारी और चंपावत को चलने वाली हेली सेवा को फिलहाल बंद कर दिया गया है। हेली सेवा के नोडल अधिकारी एसडीएम परितोष वर्मा ने बताया की जंगलों में लगी आग और धुंध के कारण हेली सेवा को रोका गया है क्योंकि हेलीकॉप्टर के उड़ान भरने के दौरान विजिबिलिटी ठीक तरह से नहीं हो रही है। जिसके चलते हेली सेवा को बंद करने का निर्णय लिया गया है। मौसम साफ होने के बाद ही हेली सेवा दोबारा से शुरू की जाएगी। उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों मे इन दिनों जंगल आग की चपेट में हैं। जिसकी चपेट में आकर अब तक तीन की मौत और पांच लोग घायल हो चुके हैं। वन विभाग के अनुसार विभिन्न वृत्तों के अंतर्गत वन प्रभागों में फायर वाचरों की संख्या निर्धारित की गई है। कुमाऊं में पंश्चिमी वृत्त के अंतर्गत हल्द्वानी वन प्रभाग को 144, तराई केंद्रीय को 60, तराई पश्चिमी को 80, रामनगर को 60, उत्तरी कुमाऊं में अल्मोड़ा में 188, सिविल सोयम अल्मोड़ा में 87, बागेश्वर में 120, पिथौरागढ़ में 144, चंपावत में 238, दक्षिणी कुमाऊं वृत्त में नैनीताल में 210, भूमि संरक्षण नैनीताल में 50, भूमि संरक्षण रामनगर में 50, भूमि संरक्षण रानीखेत को 50, निदेशक कार्बेट को 69 सहित गढ़वाल के प्रभागों तथा वन्यजीव क्षेत्रों के लिए 3983 संख्या निर्धारित की गई है। पीसीसीएफ की ओर से जारी कार्यवृत्त के अनुसार जंगल की आग से निपटने के लिए अधिकारियों की जवाबदेही तय की गई है। राज्य के पर्वतीय इलाकों में जंगल की आग की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। नैनीताल में वायु सेना स्टेशन तक आग पहुंचने से बचाने के लिए सेना के हेलीकॉप्टर का सहारा लेना पड़ा। जंगल की आग पूरी तरह बुझी नहीं है। इस जंगल की आग को बुझाने के लिए तीन हजार से अधिक फायर वाचर, वन विभाग कर्मचारी, पीआरडी जवान नाकाफी साबित हो रहे हैं। जंगलों में आग की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए वन व अन्य सरकारी विभाग पर्यावरणप्रेमियों के निशाने पर है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर चीड़ बाहुल्य वन क्षेत्रों में स्थानीय महिला समूहों के माध्यम से पिरुल एकत्र करने का अभियान भी तेज कर दिया गया है। यहां तक कि अब नए पीसीसीएफ धनंजय मोहन के चार्ज संभालने के बाद पिछली बार की तरह मुख्यालय के वरिष्ठ अफसरों को जिलों का नोडल अफसर बनाने की तैयारी है। उत्तरकाशी जिले की बाड़ाहाट रेंज से लेकर धरासू रेंज के जंगल अधिक जल रहे हैं। विभाग के रिकॉर्ड पर नजर डालें तो अब तक 19.55 हेक्टेयर वन क्षेत्र जल गए हैं। जहां धुएं से लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है, वहीं आग बुझाने में वन विभाग का दम फूल रहा है। बीते गुरुवार शाम को बाड़ाहाट रेंज के जंगलों में फैली आग रविवार तक भी नहीं बुझ पाई। वहीं, मुखेम रेंज के डांग, पोखरी गांव से लगे जंगल के साथ डुंडा रेंज के चामकोट व दिलसौड़ क्षेत्र में भी जंगल वनाग्नि की चपेट में हैं। शनिवार दोपहर में डुंडा रेंज के जंगल दिनभर जलते रहे। वहीं, धरासू रेंज में फेडी व सिलक्यारा से लगे जंगल भी धधकते नजर आए। वन विभाग के आंकड़ों पर नजर डालें तो अभी तक वनाग्नि की चपेट में आकर उत्तरकाशी वन प्रभाग में 19.55 हेक्टेयर जंगल जलकर राख हो चुका है। वहीं अब तक वनाग्नि की 27 घटनाएं दर्ज हो चुकी हैं। वनाग्नि के चलते अमूल्य वन संपदा के साथ वन्यजीवों को भी नुकसान पहुंचने की संभावना है। लेकिन वन विभाग की ओर वनाग्नि की रोकथाम के लिए कोई सार्थक प्रयास नजर नहीं आ रहे हैं। हालांकि वन विभाग का कहना है कि वनाग्नि नियंत्रण के लिए संसाधन बढ़ाए हैं। इधर जिले में वनाग्नि की घटनाओं की रोकथाम के लिए वन विभाग को आपदा प्रबंधन मद से बीस लाख रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने धनराशि आवंटित कर वनाग्नि नियंत्रण के लिए सभी संबंधित विभागों को मिलजुल कर कारगर कदम उठाए जाने के निर्देश दिए हैं।

# जिलाधिकारियों को प्रतिदिन वनाग्नि की मॉनिटरिंग के निर्देश

देहरादून( उद संवाददाता)। जंगलों की आग से प्रदेश में हाहाकार मचा है। वन्य जीव जान बचाने के लिए रिहायशी इलाकों की ओर आ रहे हैं। आग अब घरों तक पहुंच रही है। वनाग्नि की घटनाओं पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी लगातार नजर बनाए हुए हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्य सचिव को दूरभाष पर निर्देश दिए हैं कि जिलाधिकारियों को एक सप्ताह तक प्रतिदिन वनाग्नि की निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश तत्काल जारी किए जाएं। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को सभी प्रकार के चारे को जलाने पर तत्काल प्रभाव से एक सप्ताह के लिए पूरी तरह से प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही शहरी निकायों को भी अपने ठोस कूड़े को जलाने पर प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए गए हैं।


**आवश्यकता है**

सिडकुल स्थित फैक्ट्री के लिए 8वीं/10वीं पास युवकों की। वेतन योग्यतानुसार

**-सम्पर्क करें-**

परफैक्ट सेल्स कार्पोरेशन प्लाट नं. 12, सेक्टर IIDC सिडकुल, रूद्रपुर, मो. 9654467133


# वाटर लेवल घटने से बढ़े जल संस्थान के कनेक्शन

## मई माह में हैंडपंप का पानी सूखा

सितारगंज (उद संवाददाता)।क्षेत्र में सूरज की तपिश के कारण वाटर लेवल घट गया है। जिससे हैंडपंप सूख गए हैं। पानी की किल्लत से बचने के लिए लोगों ने जल संस्थान में पेयजल के कनेक्शन कराए हैं। माना जा रहा है कि सर्दियों के मौसम में कम बारिश होने से भूजल रिचार्ज नहीं हो पाया है। क्षेत्र में मई माह की शुरुआत होते ही विभिन्न स्थानों पर वाटर लेवल डाउन हो गया है। जिसका नतीजा यह है कि घरेलू हैंडपंप अभी से सूख गए हैं। उनमें पानी नहीं आ रहा है। नलों में पानी नहीं आने से लोगों के आगे जल संकट बन सकता है। पानी की किल्लत से बचने के लिए लोगों ने जल संस्थान में आवेदन कर जल कनेक्शन की मांग की है। गर्मी के मौसम में जल संस्थान के कनेक्शन बढ़ने को भूजल संकट माना जाता है। इसके अलावा क्षेत्र में बेमौसमी धान की सिंचाई को भी जल संकट के लिए जिम्मेदार माना गया है। जल संस्थान के जेई उज्जवल चौधरी ने बताया कि नगर क्षेत्र में वाटर लेवल घटा है। जिस कारण कई स्थानों पर हैडपंप सूखने की समस्या भी सामने आई है। पानी की किल्लत से बचने लोग घरों में पेयजल के कनेक्शन ले रहे है।


क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-

**विजय आयुर्वेद क्लीनिक पंचकर्म सेन्टर**

निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-

पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग

असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।

DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970

DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग

मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)

होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड


# गरीब महिला का ऑपरेशन कराकर लौटाई आंख की रोशनी



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर में पिछले कई वर्षों से पर्यावरण संरक्षण की मुहिम चला रहे समाजेवी डा. मनमोहन सिंह ने एक गरीब महिला की आंख का ऑपरेशन करवाकर समाजसेवा की मिसाल पेश की है। दरअसल डा. मनमोहन सिंह के साथ पर्यावरण संरक्षण की मुहिम में काम कर रहे कर्मचारी रविन्द्र नगर निवासी हिम्मत सिंह की पत्नी उषा देवी की एक आंख दीपावली पर पटाखे से बुरी तरह जख्मी हो गयी थी। चोट इतनी गंभीर थी कि उषा की एक आंख की रोशनी चली गयी थी। स्थानीय चिकित्सालय में उपचार कराने के बाद भी उषा की आंख की रोशनी वापस नहीं लौट पायी। जिस पर चिकित्सकों ने जटिल ऑपरेशन की बात कही और किसी बड़े अस्पताल में ले जाने की सलाह दी। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण उषा की आंख का आपरेशन कराना परिवार के लिए संभव नहीं था। जब इस बात की जानकारी समाजसेवी डा. मनमोहन सिंह को मिली तो डा. मनमोहन सिंह महिला को उपचार के लिए मुरादाबाद के प्रतिष्ठित सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट ले गये। वहां पर प्रसिद्ध चिकित्सक डा. आशी खुराना ने उषा की आंख का उपचार शुरू किया। जटिल आपरेशन के बाद आंख में काफी हद तक सुधार हो गया है। डा. मनमोहन सिंह ने बताया कि उषा की आंख का एक और आपरेशन होना है जिसके बाद उसकी आंख पहले की तरह नार्मल हो जायेगी। डा. मनमोहन सिंह ने कहा कि आंखें अनमोल है, उनके छोटे से प्रयास से किसी की आंख की रोशनी वापस आ रही है जो उनके लिए बहुत बड़ी खुशी है। डा. मनमोहन सिंह ने कहा कि गरीब महिला की आंख के उपचार में सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट की चिकित्सक डा. आशी खुराना ने पूरा सहयोग किया, जिसकी वजह से ही यह संभव हो पाया। उन्होंने इसके लिए डा. आशी खुराना का आभार व्यक्त किया।

# लोहिया हेड में हैलीपैड निर्माण का डीएम ने किया निरीक्षण

खटीमा (उद संवाददाता)।जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने लोहियाहेड में हेलीपैड के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिए की आगामी मानसून से पूर्व कार्यों में तेजी लाते हुए निर्माण कार्य गुणवत्तायुक्त पूर्ण करना सुनिश्चित करे। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी रविन्द्र बिस्ट, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी, खण्ड विकास अधिकारी केसर सिंह बिष्ट, जेई गौरव कुमार आदि मौजूद थे।



भटक रही है
मानवता ढलक रही है,
इंसानियत भटक रही है।
मासूमियत अटक रही है ,
दीनता को झटक रही है।
अलगाव हो चला है,
बदलाव हो चला है।
आज के जमाने में,
जुड़ाव खो चला है।
रहते थे जो जमीन से जुड़कर,
आज आकाश में ढूँढते है अपने को।
बदलती हवाओं में...
इंसान पहचान खो चला है।
'अक्स' को पहचान मुसाफिर,
यहाँ सदा के लिए कौन ठहरा है?
आवाज सुन अंदर की..
क्यूँ बैठा बहरा है ?
क्यूँ बैठा बहरा है ?
**-पारुल मनचंदा,नई दिल्ली।**

# पैराग्लाइडिंग प्रशिक्षण शिविर 6 मई से

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद देहरादून के तत्वावधान में विभिन्न साहसिक खेल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तहत 6 मई से पैराग्लाइडिंग प्रशिक्षण के अंतर्गत पी 1,पी 2 एवं पी 3 कोर्सों का संचालन जनपद टिहरी में किया जाएगा । प्रशिक्षण शिविर हेतु जनपद उधम सिंह नगर के 18 से 30 वर्ष आयु के शिक्षित बेरोजगार युवा जो मानसिक वह शारीरिक रूप से स्वस्थ हो तथा साहसिक खेलों में विशिष्टता प्राप्त कर वीरचंद सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना एवं दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास (होम स्टे योजना) से जुड़ने हेतु अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूप से भर कर जिला पर्यटन विकास अधिकारी कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में जमा कर सकते हैं। उक्त के अतिरिक्त उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेल (कयाकिंग,केनोइंग व रोइंग) बौर जलाशय गूलरभोज में प्रस्तावित होने के दृष्टिगत आगामी जून के प्रथम सप्ताह में बौर जलाशय गूलरभोज में दस दिवसीय कयाकिंग प्रशिक्षण केवल बालिकाओं हेतु किया जा रहा है। मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ 14 से 25 वर्ष की छात्राएं जो ( तैराकी में निपुण हो) प्रतिभा कर सकती है। उक्त नि:शुल्क प्रशिक्षण हेतु भोजन, आवास, बिस्तर, एवं तकनीकी उपकरणों की व्यवस्था विभाग द्वारा की जाएगी । पूर्ण रूप से भरे आवेदन पत्रों से प्रतिभागियों का चयन प्रथम आवत प्रथम पावत के आधार पर किया जाएगा। प्रतिभागी निर्धारित आवेदन पत्र जिला पर्यटन विकास अधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर अपना आवेदन भर कर किसी भी कार्यदिवस में जिला पर्यटन विकास अधिकारी अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं । अधिक जानकारी हेतु कृपया जिला पर्यटन विकास अधिकारी कार्यालय दूरभाष नंबर 05944-250838 पर संपर्क कर सकते हैं ।

# हज यात्रियों का 9 और 11 मई को होगा टीकाकरण

सितारगंज (उद संवाददाता)।जिले से हज के मुबारक सफर पर जाने वाले हज यात्रियों का 9 और 11 में को टीकाकरण किया जाएगा। जिनमें 9 मई को जसपुर, काशीपुर, बाजपुर, कुंडा, गदरपुर और 11 मई को खटीमा, रुद्रपुर, सितारगंज, किच्छा, नानकमत्ता एवं जनपद चंपावत के हज यात्रियों का टीकाकरण 11 में को नगर के जोया पैलेस में किया जाएगा।



राज्य हज समिति के अध्यक्ष खतीब अहमद के निर्देश पर हज समिति के अधिशासी अधिकारी मोहम्मद मीसम ने प्रेस को जारी पत्र में कहा है कि 9 मई को जनपद उधम सिंह नगर के जसपुर काशीपुर बाजपुर कुंडा गदरपुर के हज यात्रियों का टीकाकरण असमी पैलेस ढीला पल मुरादाबाद रोड काशीपुर में किया जाना है। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में खटीमा रुद्रपुर सितारगंज किच्छा नानकमत्ता और जनपद चंपावत के हज यात्रियों का टीकाकरण 11 में को सुबह 10:00 बजे सितारगंज के बिजती चौक स्थित जोया पैलेस में किया जाएगा। इसके अलावा नैनीताल अल्मोड़ा पिथौरागढ़ के हज यात्रियों का टीकाकरण 12 मई को ईशा तुल हक किदवई हल्द्वानी नैनीताल में होना है। जनपद देहरादून, टिहरी, गढ़वाल, रुद्रप्रयाग के हज यात्रियों का टीकाकरण 6 मई मदरसा जामिया उलूम प्रीति इनक्लेव माजरा देहरादून में और जनपद हरिद्वार पौड़ी गड़वाल के हज आवेदकों का टीकाकरण 7 मई को हज हाउस पिरान कलियर रुड़की हरिद्वार में होना है।

# कीटनाशक दवा के छिड़काव की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सामाजिक कार्यकर्ता हेमन्त साहू ने नगर आयुक्त को ज्ञापन सौपकर राजेन्द्र नगर में नालियों के सड़े गले जालों को बदलने, नालियों की गैंग लगाकर तलीझाड़ सफाई करवाने व कीटनाशक दवाइयों के छिड़काव की मांग की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में मच्छर मक्खियों के प्रकोप से बीमारियों के फैलाने की आंशका बनी हुई है। जिसके लिये फोकिंग करवाने व कीटनाशक दवाईयों के छिड़काव करने की जरूरत है।


**जगदीश**
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817


# बनमीत नरुला के कम्प्यूटर से 268 बिटकॉइन बरामद किए

## हल्द्वानी से गिरफ्तार परविंदर को फिर चार दिन के लिए ईडी की कस्टडी में भेजा

देहरादून। ईडी ने इंटरनेशनल ड्रग्स माफिया बनमीत नरुला के हल्द्वानी स्थित घर से 268 बिटकॉइन बरामद किए हैं। इनकी भारतीय रुपयों में कीमत करीब 130 करोड़ रुपये बताई जा रही है। ईडी के अनुसार इनका इस्तेमाल बनमीत और उसका भाई डार्क वेब के माध्यम से ड्रग्स खरीदने में करता था। बनमीत के भाई परविंदर नरुला को ईडी ने गत 26 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। उसे सात दिन के लिए ईडी की कस्टडी में दिया गया। अब शनिवार को स्पेशल ईडी कोर्ट ने परविंदर को चार दिन के लिए और ईडी की कस्टडी में भेज दिया है। गौरतलब है कि गत 26 अप्रैल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने हल्द्वानी में बनमीत नरुला के घर पर छापा मारा था। यहां करीब 12 घंटे तक उसके परिवार वालों और भाई परविंदर नरुला से पूछताछ की गई। इसके बाद ईडी ने परविंदर नरुला को गिरफ्तार कर लिया था। परविंदर पर आरोप है कि उसने अपने भाई की अवैध कमाई को भारत में निवेश किया है। इसके साथ ही उसने भी दुबई समेत कई देशों में अपने खाते खुलवाए, जिनके माध्यम से वह अपने भाई के अवैध कारोबार में साथ देता था। ईडी ने उसे 27 अप्रैल को स्पेशल ईडी कोर्ट देहरादून में पेश किया था। ईडी ने पूछताछ व सर्च के लिए परविंदर की 14 दिन की कस्टडी रिमांड मांगी थी, लेकिन कोर्ट ने उस वक्त केवल सात दिन की कस्टडी रिमांड ही मंजूर की थी। रिमांड के दौरान ईडी ने उसके घर पर कई बार सर्च ऑपरेशन चलाया। इसमें उसके कंप्यूटर वॉलेट से 268 बिटकॉइन (आभासी मुद्रा) बरामद की।उसके पासवर्ड को हासिल कर यह मुद्रा प्राप्त की गई है। इसकी भारतीय रुपयों में अनुमानित कीमत करीब 130 करोड़ रुपये है। ईडी के अधिकारिक सूत्रों के अनुसार इन बिटकॉइन के माध्यम से ही नरुला बंधु ड्रग्स का अवैध कारोबार




करते थे। परविंदर को शनिवार को स्पेशल ईडी कोर्ट में पेश किया गया। ईडी ने परविंदर की सात दिन की और कस्टडी रिमांड मांगी थी। ईडी के तर्कों के आधार पर कोर्ट ने उसकी चार दिन की कस्टडी रिमांड मंजूर कर दी है। ईडी इस वक्त अमेरिका के अधिकारियों के संपर्क में भी है। बनमीत को अमेरिकी अदालत ने ही सजा सुनाई है। इस पूरे रैकेट के खुलासे के लिए ईडी अब परविंदर से कुछ लोगों को आमने-सामने बैठाकर बात करना चाहती है। ताकि और भी जानकारी जुटाई जा सके। बताया जा रहा है कि नरुला बंधुओं के भारत में कई और राजदार थे, जिन तक पहुंचने के लिए परविंदर से पूछताछ बेहद जरूरी है। ईडी परविंदर से हर दिन लगभग 10 घंटे से भी ज्यादा पूछताछ कर रही है। पिछले दिनों उत्तराखंड में अब तक की सबसे बड़ी एलएसडी की खेप देहरादून पुलिस ने पकड़ी थी। इसमें भी खुलासा हुआ था कि तस्कर एलएसडी को डार्क वेब के माध्यम से मंगाते थे। डार्क वेब इंटरनेट का वह पहलू होता है, जो सामान्य तौर पर किसी की पकड़ में नहीं आता। बिटकॉइन और इसके जैसी कई आभासी मुद्राओं में ही डार्क वेब पर कारोबार किया जाता है। इनके प्रचलन में किसी बैंक खाते या इसके नेटवर्क का प्रयोग नहीं किया जाता है। बल्कि, यह अपने ही सर्वर पर काम करते हैं। ऐसे में पुलिस या अन्य जांच एजेंसियां सीधे तौर पर डार्क वेब पर कौन-कौन और किस वक्त सक्रिय है, इसका पता नहीं लगा सकती हैं। बता दें कि हल्द्वानी निवासी बनमीत सिंह नरुला का करीब सात साल पहले ड्रग्स तस्करी में नाम आया था। वह अमेरिका में प्रतिबंधित दवाओं का अवैध कारोबार करता था। वर्ष 2019 में बनमीत को लंदन से गिरफ्तार किया गया। इसके बाद मार्च 2023 को उसे अमेरिका प्रत्यर्पित कर दिया गया। अमेरिका में कोर्ट कार्यवाही के बीच उसने अपना जुर्म कुबूल किया था। ऐसे में अमेरिकी कोर्ट ने उसे पांच साल कैद और 150 मिलियन डॉलर जब्त करने की सजा सुनाई थी। यह रकम उसने करीब 10 सालों में अपने अवैध कारोबार से कमाई थी। इस बीच भारतीय जांच एजेंसियों ने भी बनमीत की जांच जारी रखी।

# पेयजल संकट से प्रभावित क्षेत्रों में वैकल्पिक व्यवस्था करें : सीएम

## मुख्यमंत्री ने वर्चुअल बैठक में वनाग्नि, पेयजल समस्या और यात्रा की व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश






देहरादून/रुद्रपुर( उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य स्तर पर वनाग्नि, पेयजल संकट एवं चारधाम यात्रा को लेकर मुख्य सचिव तथा सभी जनपदों के उच्च अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअल बैठक ली। उन्होंने वनाग्नि को लेकर चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि सभी अधिकारी आपस में समन्वय बनाते हुये वनाग्नि को नियंत्रित करें। उन्होने कहा कि वनाग्नि का प्रभाव ना केवल पेड-पोधों पर अपितु जीव जंतुओं पर भी पड़ रहा है इसलिये जिस भी मशीनरी की आवश्यकता हो उसका उपयोग कर वनाग्नि को रोका जाये। उन्होने कहा कि फायर वाचर जो वनाग्नि की घटनाओ को काबू पाने के लिए लगे है वह स्वयं की सुरक्षा का भी ध्यान रखें। वनाग्नि की घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए उन्होंने मुख्य वन सरंक्षक, प्रमुख आपदा प्रबंधन व संबधित अधिकारियों को निर्देश दिये किये कि वे स्वंय जिम्मेदारी लेकर अपने अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों, युवक मंगल एवं महिला दल, स्थानीय ग्रामीणों आदि के साथ समन्वय स्थापित करके एक हफ्ते में वनाग्नि की घटनाओं पर काबू पाना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि अन्यथा की दृष्टि में छोटे-बड़े स्तर पर जिम्मेदारी तय की जायेगी। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान पेयजल संकट को लेकर भी समीक्षा की। समीक्षा दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि ऐसे क्षेत्र जहां पर पेयजल संकट अधिक है वहां पर पानी की वैकल्पिक व्यवस्था से सुचारू किया जाए। उन्होंने कहा कि जल की लीकेज जो साधारणतया सभी क्षेत्रों में देखी जाती है उसका निवारण संबंधित विभाग के द्वारा जल्द से जल्द किया जाए साथ ही उन्होंने जल संरक्षण ,संभरण एवं जल संवर्द्धन तथा कैच द रेन कार्यक्रम जागरूकता अभियान चलाये जाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर के अंतर्गत नये पेयजल स्रोतों का निर्माण तो किया है परंतु ऐसे नदी, तालाब आदि जो सूखे पड़ चुके है उन्हें फिर से पुर्नजीवित किये जाने की अधिक जरूरत है। उन्होंने कहा कि जल और बिजली एक-दूसरे के पूरक है। एक के बिना दूसरे का अस्तित्व ही नहीं है। इसलिए सूर्य घर योजना को अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए जिसकी शुरुआत सरकारी कार्यालय भवनों, सरकारी आवासों आदि से करें। उन्होंने कहा कि हर साल ही हमें ऐसी प्रस्थिति से गुजरना पड़ता है तो इसके लिए ऑटो सिस्टम प्रणाली को बनाए व अपनाएं जाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा की तैयारियों की बैठक लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले यात्रा मार्गों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। चारधाम यात्रा से जुड़े सभी विभागों के सचिव यात्रा मार्गों का पुनः स्थलीय निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। चारधाम यात्रा में यातायात प्रबंधन और कानून व्यवस्था के स्थलीय निरीक्षण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की चारधाम यात्रा में शुरू के पंद्रह दिन काफी महत्वपूर्ण होते है जिसके दृष्टिगत उन्होंने वीआईपी आवागमन को कम करने के निर्देश दिये जिससे की देश-दुनिया के श्रद्धालुओं को आस्था के प्रमुख केन्द्र पर आने के लिए किसी प्रकार की कठनाई का सामना ना करना पड़ें। मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि चारधाम यात्रा मार्गों पर विद्युत, पेयजल और सड़कों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यात्रा मार्गों पर जगह-जगह बने शौचालयों को दुरस्त किया जाए एवं महिलाओं के लिए पृथक शौचालय की व्यवस्था की जाए। चारधाम यात्रा से जुड़े सभी अधिकारी और कर्मचारी शालीनता एवं सहनशीलता का परिचय दें, यह सुनिश्चित किया जाए कि श्रद्धालुओं के साथ अभद्रता न हो। यात्रा ड्यूटी में तैनात सुरक्षाकर्मी अलर्ट मोड पर रहें। मुख्य सचिव राधा रतुड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशन पर पूर्ण तत्परता एवं कर्मठता से कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आज जो स्थिति है वह गत दिनों के सापेक्ष थोड़ी बेहतर है और साथ ही आवाश्सन दिया कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में एक सप्ताह के भीतर वनाग्नि की घटनाओं पर काबू पा लिया जाएगा साथ ही पेयजल संकट का भी निदान शीध्र कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा को लेकार पूर्ण तैयारियॉं कर ली गई है जिनका पुन निरीक्षण कर दुबारा सुनिश्चित किया जाएगा की श्रद्धालुओं किसी भी प्रकार की सम्सयाओं का सामना ना करना पडें। इस दौरान जिलाधिकारी उदयराज सिंह, डीएफओ यू0सी0तिवारी, अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोड़के, नगर आयुक्त काशीपुर विवेक राय, जिला विकास अधिकारी अजय सिंह, सीएमओ डा0 मनोज शर्मा, ओसी गौरव पांडे, मुख्य कृषि अधिकारी ए0के0 वर्मा , जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# ठेली और ढाबों में पकड़े 14 घरेलू सिलेंडर



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला पूर्ति कार्यालय की टीम द्वारा गत दिवस नगर के विभिन्न क्षेत्रों घरेलू सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग के विरुद्ध चलाए गए अभियान के दौरान कई खान पान की ठेलियों व ढाबों का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमे 14 घरेलू सिलेण्डर बरामद किये गए। यह जानकारी देते हुए पूर्ति निरीक्षक अनीता तिवारी ने बताया कि उपायुक्त (खाद्य) कुमायूँ सम्भाग, हल्द्वानी विपिन कुमार के निर्देशानुसार रूद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत घरलू गैस सिलेण्डर से छोटे गैस सिलेण्डरों में की जा रही गैस की रिफिलिंग एंव इसके व्यवसायिक प्रयोग को रोकने हेतु उपायुक्त खाद्य के साथ संयुक्त रूप से घरेलू गैस की कालाबाजारी रोकने के उद्देश्य से भूरारानी रोड, धर्म ढावा, चौहान ढावा, गणेश चिकन, ख्याति ढाबा, डेसू ढाबा, कृष्णा फास्ट फूड, गांधी जनरल स्टोर, बालाजी, अजय कोहली, लजीज चिकन बिरयानी आदि प्रतिष्ठानों पर आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान अनेक प्रतिष्ठानों, होटल, ढाबों आदि से 14 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किये गये। जिनमें इण्डेन के चार, भारत के तीन व एचपी के छः सिलेण्डर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि चूँकि घरेलू गैस की रिफिलिंग एंव इसका व्यवसायिक उपयोग आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत विनिर्मित द्रवीकृत पैट्रोलियम गैस (प्रदाय एंव वितरण विनियमन आदेश) 2000 दिनॉक 26-04-2000 में निहित प्राविधानों का स्पष्ट उल्लघंन है, जिसके फलस्वरूप उपरोक्तानुसार पकडे गये कुल चौदह घरेलू सिलेण्डरों को अग्रिम आदेशों तक सुरक्षा की दृष्टि से मैसर्स वोरा गैस एजेंसी, रामपुर रोड, की सुपर्दगी में दिया गया है। टीम में अनीता तिवारी पूर्ति निरीक्षक, चंदशेखर कांडपाल पूर्ति निरीक्षक, अनुसेवक संजय सिंह व चालक तेज सिंह शामिल थे।




# शारदा नहर में डूबे छात्र का शव बरामद



खटीमा। शारदा नहर में नहाते समय बहे होटल मैनेजमेंट के छात्र का शव शनिवार को चौथे दिन घटनास्थल से करीब ढाई किलोमीटर दूर चूका क्षेत्र के पास बरामद हुआ। डीएम उदयराज सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे।डीडीहाट पिथौरागढ़ निवासी राजा डसीला (19) खटीमा स्थित एक निजी संस्थान में होटल मैनेजमेंट का छात्र था। बुधवार को वह अपने एक साथी के साथ झनकईया के पास शारदा नहर में नहा रहा था। इस दौरान पैर फिसलने से वह नहर में बह गया था। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला।एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और जल पुलिस की टीमें शारदा नजर में छात्र की तलाश कर रही थी। छात्र की तलाश के लिए शारदा नहर के पानी को सूखी नहर में छोड़ा गया। घटना के चौथे दिन शनिवार को घटनास्थल से करीब ढाई किलोमीटर दूर चूका क्षेत्र में शारदा नहर में छात्र का शव बरामद हुआ। छात्र का शव देखकर माता-पिता और भाई का रो-रोकर बुरा हाल था। राजा डसीला का जल्द ही कोर्स पूरा होने वाला था। उसने नौकरी के लिए साक्षात्कार भी दिया था। वह दो भाईयों में बड़ा था। पुलिस इस मामले में निजी संस्थान से भी जानकारी जुटा रही है। वहीं डीएम उदयराज सिंह ने मौके पर पहुंचकर परिवार को सांत्वना दी। इस दौरान एसडीएम रवींद्र सिंह बिष्ट, तहसीलदार हिमांशु जोशी, दरोगा प्रदीप शर्मा आदि थे।

# सेवानिवृत्त डॉक्टर के बंद घर से लाखों की चोरी



हल्द्वानी। हल्द्वानी कोतवाली क्षेत्र में चोरियां रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। अब चोरों ने मुखानी क्षेत्र में बंद घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोर दिल्ली इलाज कराने गए सेवानिवृत्त डॉक्टर के बंद घर की खिड़की की ग्रिल काटकर लाखों के गहने चोरी कर ले गए। जब सेवानिवृत्त डॉक्टर घर पहुंचे, तब उन्हें चोरी का पता चला। त्नी पुष्पा के साथ रहते हैं। एक बेटा दिल्ली और दूसरा विदेश में जॉब करता है। धामी के मुताबिक काफी समय से उनकी तबीयत खराब थी और 29 अप्रैल को वह पत्नी के साथ इलाज के लिए दिल्ली में रहने वाले बेटे के पास गए थे। तीन अप्रैल की दोपहर घर पहुंचे तो अंदर सामान बिखरा था। अलमारियां खुलीं और लॉक टूटे थे। घर के पिछले हिस्से की खिड़की भी टूटी थी। चोर इसी खिड़की को तोड़कर घर घुसे। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पीड़ित के मुताबिक चोर घर से 70 हजार कैश और लाखों के जेवर ले गए हैं। मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। इलाके के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही आरोपी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे। इधर, लगातार बढ़ती चोरियों से पुलिस की गश्त सवालों के घेरे में है। पुलिस चोरी के मुकदमे लिखने में बहुत हीलाहवाली करती है। मुखानी पुलिस ने चोरी के मामले में अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है। जेआर पुरम तल्ली हल्द्वानी में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने 16 दिन बाद मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर के अनुसार कुशी राम 15 अप्रैल को शादी में शामिल होने के लिए दिल्ली गए थे। 18 अप्रैल को पड़ोसियों ने फोन कर चोरी की सूचना दी। चोर घर से जेवर और नकदी ले गए थे।

# कलसिया ,रकसिया और देवखड़ी नाले का चैनेलाइजेशन शीघ्र करें : डीएम



हल्द्वानी( उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने कैंप हल्द्वानी में तीन दिन पूर्व रकसिया, कलसिया और देवखडी नाले और नंधौर नदी के आपदा संभावित क्षेत्रों के संबंध में लोनिवि, राजस्व , सिंचाई और वन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। बैठक में विभागों ने सभी आपदा संभावित नालों की सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत की । जिलाधिकारी ने तीन दिन के भीतर कलसिया, रकसिया और देवखड़ी नाले के आकलन तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जिससे यथा शीघ्र अनुमति देकर कार्य मानसून से पूर्व किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि वॉकवे के आगे सौरभ होटल तक नालों में कूड़ा फसने से पानी के ओवरफ्लो होने की सम्भावना बनी रहती है जिससे काफी नुकसान होता है ।नगर निगम को निर्देशित किया कि मानसून अवधि में प्रत्येक दिन इस क्षेत्र में एक डेडीकेटेड टीम लगाकर यदि नालों में कूड़ा फसा हुआ पाया जाता है तो तत्काल सफाई कराना सुनिश्चित करें जिससे पानी का ओवरफ्लो न हो और लोगों को अनावश्यक परेशानियों से बचाया जा सके। बैठक में एसडीएम हल्द्वानी परितोष वर्मा ने विस्तार से तीनों नालों की लैंडमार्क की जानकारी दी। साथ ही अवगत कराया कि तीनों नालों में एकत्रित मलबे, कचरे की सफाई और मलबे की निकासी किस;किस विभाग द्वारा किया जायेगा। वन विभाग द्वारा लगभग 11 लाख 41 हजार से देवखड़ी नाले में मलबे , कचरा सफाई, 05 वायरक्रेट और अन्य कार्यों का आकलन भी तैयार कर दिया गया है। वन विभाग द्वारा नाले में तात्कालिक कार्य किया जायेगा जिससे इस बार के मानसून में नुकसान को रोका जा सके। साथ ही अपने क्षेत्रों में चाल खाल बनाने की भी योजना है जिससे पानी धरातल पर बहने के स्थान पर भू जल का संवध न करे। रकसिया नाले की लंबाई लगभग 10 किमी है । इस नाले में सिंचाई,वन, नगरनिगम द्वारा अपने क्षेत्रों में रिवर चौनलैजेशन, कचरा और मलबा सफाई का कार्य तत्कालिक उपचार के तौर पर किया जायेगा। रकसिया नाले के दमवाढुंगा क्षेत्र में वन विभाग, चंबलपुर से रत्नपुर तक सिंचाई, रत्नपुर से लालडांट और बिरला स्कूल के आसपास तक नगरनिगम द्वारा मलबा कचरा सफाई का कार्य किया जायेगा। कलसिया नाले में सिंचाई विभाग द्वारा पोकलैंड मशीन लगाकर चन्नेलाइजेशन की योजना को तैयारी है जिसका आकलन तैयार किया जा रहा है। एक सप्ताह के भीतर तीनों नालों में तत्कालिक कार्य चालू कर दिए जायें। बैठक में नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, डीएफओ रामनगर दिगंत नायक, सिटी मजिस्ट्रेट ए पी बाजपेई, एस डी एम हल्द्वानी परितोष वर्मा , ईई लोनिवि अशोक चौधरी, सिंचाई बी एस नैनवाल, एस डी ओ ममता चंद, प्रभारी अधिकारी तुषार सैनी, तहसीलदार सचिन कुमार, खान अधिकारी ताजबर नेगी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# रक्तदान शिविर में 50 से अधिक लोगों ने किया रक्तदान

## भारत विकास परिषद ने नारायण अस्पताल के ब्लड बैंक में आयोजित किया शिविर

रूद्रपुर। भारत विकास परिषद रूद्रपुर शाखा की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन बिलासपुर रोड स्थित नारायण अस्पताल एवं ट्रॉमा सेंटर के ब्लड बैंक में किया गया। शिविर में 50 से अधिक महादानियों ने रक्तदान किया। शिविर का शुभारम्भ भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील खेड़ा, नारायण अस्पताल के एमडी डा. प्रदीप अदलखा, डा. सोनिया अदलखा, भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय संयुक्त सचिव नरेन्द्र अरोरा, जिला संयोजक मनोज अरोरा, नगर इकाई के अध्यक्ष विष्णु सक्सेना, सचिव राहुल सिंघल आदि ने संयुक्त रूप से मां भारती और स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के सम्मुख दीप जलाकर किया। इस अवसर पर परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील खेड़ा ने शिविर के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि





महत्वपूर्ण योगदान दे रही है और समाज को इससे सीधा लाभ मिल रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ साथ अन्य सामाजिक कार्यों में भी परिषद अपना योगदान समय समय पर देता आ रहा है। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा पुण्य कार्य पर नारायण अस्पताल के एमडी डा. प्रदीप अदलखा ने शिविर में पहुंचे सभी अतिथितियों एवं रक्तदान करने आये सभी महादानियों का स्वागत करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान के लिए सभी को बढ़-चढ़ कर आगे सकती है। रक्त की कमी वालों के लिए जरूरत की पूर्ति जीवनदान जैसी है। उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद के सामाजिक कार्यों से अन्य संस्थाओं को भी प्रेरणा लेने की जरूरत है। रक्तदान के प्रति आस-पास के लोगों को भी अदलखा ने कहा कि रक्तदान से शरीर को कोई नुकसान नहीं होता। शरीर में प्रत्येक चार महीने में नए ब्लड का निर्माण होता है। ऐसे में लोग ये न सोचें कि रक्तदान से शरीर में कोई कमी आ जाती है। उन्होंने कहा कि रक्त की

अवश्य करना चाहिए, क्योंकि रक्तदान से जरूरत पड़ने पर हम किसी दूसरे की जिंदगी को बचा सकते है। शिविर में 50 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले सभी महादानियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं शिविर में पहुंचे अतिथियों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कीर्ति निधि शर्मा, हरनाम चौधरी, अशोक सिंघल, राजकुमार बिंदल, गुरमीत सिंह, राजकुमार खनिजो, सुरेन्द्र मिड्डा, संजय ठुकराल, संजय सिंघल, विपिन लूथरा, पंकज वर्मा, यमन बब्बर, अजीत पाल सिंह, संजय राधू, शक्ति बठला, संजीव अरोरा, जतिन अरोरा, राजेन्द्र सहाय, पियूष नारंग, सुरेश बब्बर, संजीव बांगा, केवल कृष्ण ईशपुजानी, आनंद अग्रवाल, के अलावा नारायण अस्पताल की मोनिका करनवीर, प्रदीप









समाजसेवा ही भारत विकास परिषद का प्रमुख उद्देश्य एवं ध्येय है। भारत विकास परिषद हमेशा से ही समाज सेवा में अग्रणी रहा है। परिषद सामाजिक कार्यों में अपना है। रक्तदान करने से किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने लोगों से समय समय पर रक्तदान अवश्य करने का आहवान किया। इस अवसर आना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय समय पर ऐसे शिविर आयोजित होने से गंभीर बीमारी या आपात स्वास्थ्य स्थिति के समय रक्त की कमी पूरी की जा जागरूक करने की जरूरत है। आज भी लोगों में रक्तदान के प्रति कई भ्रांतियां हैं इन भ्रांतियों को लेकर लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। डा. सोनिया एक-एक बूंद की अनमोल है। इसका अहसास हमें तब होता है जब आपात स्थिति में इसकी आवश्यकता होती है। इसलिए जब भी मौका मिले तो रक्तदान कुमार चौधरी, राजन सिंह, देवेन्द्र पाल, निसार अहमद, मीनाक्षी, नीलेश कुमार, पूजा कोली, पवनदीप कौर, अंकित मौर्या, गगनदीप सिंह आदि शामिल थे।

# योगेश सचिव, ज्योति व अजीत संयुक्त सचिव

## पंतनगर स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब का वार्षिक चुनाव संपन्न

पंतनगर(उद संवाददाता)। जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के वर्ष 2024-25 के चुनावों में योगेश पंत सचिव, ज्योति व अजीत सिंह यादव से 320 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें सचिव पद के लिए 320 में से 4 निरस्त मत होने के बाद 316 मतों में योगेश पंत को 190 को एवं डा. योगेन्द्र कुमार सिंह को 126 मत संयोजक के दो पदो के लिए कुल 320 में से 18 निरस्त मत के बाद 302 मतों में से प्रभाकर जोशी को 239 तथा डा. मंजु जोशी को 190 तथा खेम सिंह को 175 मत मिले। इस तरह प्रभाकर जोशी 5 मत निरस्त होने के बाद 315 में से शशांक शर्मा को 193 तथा डा. भुवन चन्द्र शर्मा को 123 मत प्राप्त हुए। इस तरह से शशांक शर्मा 70 मतों से विजयी घोषित किए गए। चुनाव अधिकारी डा. एनके



संयुक्त सचिव, मुख्य संयोजक में प्रभाकर जोशी व डा. मंजु जोशी, कोषाध्यक्ष में प्रताप सिंह नेगी व संयोजक क्रिकेट शशांक शर्मा को विजयी घोषित किया गया।कृषि महाविद्यालय के डा. बीबी सिंह ऑडिटोरियम में स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के चुनावों में कुल 408 पंजीकृत सदस्यों में मिले। इस तरह योगेश पंत 64 मतों से विजयी हुए। इसके अलावा संयुक्त सचिव के 320 में से 17 मत निरस्त होने के बाद 303 मतों में से ज्योति को सबसे अधिक 234, अजीत सिंह यादव को 205 व सुदीश राय को 167 मत मिले। जिसमें ज्योति व अजीत सिंह यादव को विजयी घोषित किया गया। मुख्य व डा. मंजु जोशी को विजयी घोषित किया गया। इसके अलावा कोषाध्यक्ष पद के लिए 320 मतों में 5 मत निरस्त के बाद 315 मतों में से प्रताप सिंह नेगी को 171 तथा चमन वर्मा को 144 मत मिले इस तरह प्रताप सिंह नेगी 37 मतों से विजयी घोषित किए गए। जबकि संयोजक क्रिकेट में कुल 320 मतों में से सिंह व डा. श्वेता राय ने चुनाव परिणामों की घोषणा की। चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराने में विजय कुंवर, पवन जोशी व चन्द्रशेखर बचखेती की विशेष भूमिका रही। चुनाव परिणामों के बाद विजयी प्रत्याशियों ने एक दूसरे को बधाई देते हुए साथ कार्य करने व स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब को आगे ले जाने का आह्वान किया।

# त्रिपुरा के गवर्नर एन इन्द्रसेन रेड्डी पहुंचे कॉर्बेट पार्क

रामनगर(उद संवाददाता)।त्रिपुरा के गवर्नर एन इन्द्रसेन रेड्डी कार्बेट पार्क की सैर के लिए पहुंचे हैं। त्रिपुरा के गवर्नर एन इंद्रसेन रेड्डी एक दिवसीय दौरे पर विश्व प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के सबसे चर्चित जोन ढिकाला पर्यटन जोन में रात्रि विश्राम के लिए पहुंचे। गवर्नर एन इंद्रसेन रेड्डी देर शाम नैनीताल के राज भवन में रुके थे । रविवार की सुबह राज्यपाल नैनीताल से कारों के काफिले के साथ कॉर्बेट पार्क पहुंचे। लगभग दोपहर 12 बजे उन्होंने कॉर्बेट पार्क के ढिकाला जोन में प्रवेश किया। गवर्नर यहां कॉर्बेट पार्क के जंगल और वन्यजीवों



के दीदार के लिए पहुंचे हैं, बताया जा रहा है कि त्रिपुरा के गवर्नर यहां अपने पारिवारिक सदस्यों के साथ आए हुए हैं ,वहीं गवर्नर का यहां एक दिवसीय ढिकाला जोन में रात्रि विश्राम का कार्यक्रम है, जिसके बाद वे कल वापस त्रिपुरा को निकलेंगे। इस बीच रामनगर आगमन पर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर दिखाई दिया वहीं जब गवर्नर का काफिला निकला तो उस वक्त क्षेत्र में जीरो जोन घोषित कर दिया गया। कॉर्बेट प्रशासन के सभी अधिकारी भी गवर्नर के साथ ढिकाला पर्यटन जोन में मौजूद है।

# सेना से सेवानिवृत्त होकर लौटे कुलदीप सिंह का जोरदार स्वागत

दिनेशपुर। श्रीरामपुर गावं के रहने वाले फौजी के सेवानिवृत्त होकर घर आने पर क्षेत्र के पूर्व सैनिक संगठन ने तिरंगा यात्रा निकाल कर उनका स्वागत किया। जानकारी के अनुसार, दिनेशपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीरामपुर निवासी कुलदीप सिंह सेना में नायब सूबेदार के पद पर तैनात थे। वहां 3 मई 2024 को सेवानिवृत हुए। शनिवार को वह गृह जनपद उधम सिंह नगर पहुंचे। पूर्व सैनिक संगठन के अलावा स्थानीय



युवाओ ने उनको तिरंगा झंडा लगी गाड़ी में बैठाया और जुलूस की शक्ल में पंतनगर एयरपोर्ट से दिनेशपुर पहुंचे। यहां से पूर्व सैनिक संगठन की अगुवाई में गाजे बाजे के साथ जुलूस दिनेशपुर कौशल्या गार्डन से होते हुए श्रीरामपुर उनके घर पहुंचा। सबसे पहले श्रीरामपुर गुरुद्वारा में माथा टेक पूजा कर अपने घर आए। लोगों ने मिठाई खिला कर खुशी का इजहार किया। कुलदीप सिंह ने कहा कि मां भारती की सेवा करते हुए 18 साल कैसे बीत गए पता ही नहीं चला। इस मौके पर लवप्रीत कौर, नवाब सिंह, मनदीप सिंह, खड़क सिंह कार्की, पूर्व विधायक परमानंद महाजन आदि रहे।

# कथावाचक आचार्य हेमंत कृष्णाचार्य को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। केसरी बिहार में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के समापन में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कथावाचक आचार्य श्री हेमंत कृष्णा चार्य जी व उनकी टीम को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने भागवत कथा के आयोजन की सराहना करते हुए धार्मिक आयोजनों में बढ़चढ़कर भागीदारी करने का आहवान किया। श्री ठुकराल ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम में समाज कोई धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। धार्मिक आयोजनों से मन में नई उर्जा का संचार होता है । उन्होंने कहा कि आज युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर अपनी संस्कृति को भूल रही है। युवा पीढ़ी को अपने धर्म और संस्कृति से जोड़ने



के लिए उन्हें जागरूक करने की जरूरतत है। उन्होंने कहा कि आज बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ साथ संस्कारों का ज्ञान देना भी जरूरी है। धार्मिक संस्कार ही व्यक्ति को आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। पूर्व विधायक ठुकराल ने धार्मिक आयोजनों में हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर समाजसेवी संजय ठुकराल ,सुरेंद्र सिंह सरजू ,महेंद्र पाल, ललित बिष्ट, संदीप ठाकुर,बंटी कोली व शुभ डॉल्स कॉलोनी, बाटा कॉलोनी ,सर्वेश्वरी कॉलोनी के आदि लोग मौजूद थे।

# यातायात पुलिस ने स्कूल में पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं सुगम यातायात हेतु यातायात नियमों के प्रति चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान के तहत यातायात पुलिस द्वारा आर्यमन बिरला पब्लिक स्कूल में स्कूली बच्चों एवम स्टाफ को यातायात नियमों की जानकारी दीगई। उन्होंने बच्चों को यातायात नियमों के पालन सम्बन्धित जागरूकता नाबालिक होने पर वाहन न चलाना,



अपने आस पास के लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता जैसे वाहन चलाते समय सीट बेल्ट पहनना , हेलमेट पहनना, ओवर स्पीडिंग न करना, रेड लाइट जम्पिंग न करना, वाहन चलाते हुए मोबाइल फोन न चलाना, नशे की हालत में वाहन न चलाने के संबंध में जागरूक किया और अभिभावकों को नियमों के पालन के लिए जागरूक करने की अपील की। जिसमें स्कूल के नवीं, दसवीं, 11वीं 12वीं क्लास के कुल 800 बच्चे शामिल रहे।यातायात पुलिस टीम में यातायात निरीक्षक शिवराज सिंह बिष्ट, कांस्टेबल शेर चन्द कंबोज व गोविंद मेहरा शामिल थे।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## ईडी की कार्यशैली

इसमें कोई दोराय नहीं कि अगर कोई व्यक्ति कानून के विरुद्ध काम करता है तो उस पर कार्रवाई होना चाहिए। मगर कानून को अमल में लाने वाली कोई एजंसी अगर अपने अधिकारों को असीमित मानने लगे और उसके रवैये से मनमानी का संकेत मिलने लगे तो सवाल उठना स्वाभाविक है। पिछले कुछ समय से प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की सक्रियता ने सबका ध्यान आकृष्ट किया है और यह धारणा बनी है कि भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई में तेजी आई है। मगर इसके साथ ही विपक्षी दलों ने कई बार सवाल उठाए हैं कि ईडी अपने अभियानों में सुविधा और आग्रहों के मुताबिक चुने हुए लोगों के खिलाफ कार्रवाई करती है और उसकी सक्रियता में एक खास तरह का आग्रह दिखता है। विपक्षी पार्टियों के आरोपों को यह मान कर नजरअंदाज कर दिया जा सकता कि वे अपने दल से संबंधित आरोपियों के बचाव में ईडी को कठघरे में खड़ा करती हैं। मगर यह भी सच है कि कई मौके पर खुद अदालतों की ओर से ईडी की कार्यशैली पर अंगुली उठाई गई है। सवाल है कि किसी कानून पर अमल को लेकर ईडी अगर ईमानदार है, तो बार-बार विपक्षी दलों से लेकर अदालतों तक की ओर से उसकी मंशा पर अंगुली क्यों उठ रही है। बुधवार को नौकरी के बदले जमीन के आरोपों से जुड़े एक मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट की एक विशेष अदालत ने ईडी को फटकार लगाई और उसकी प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि वह एक जांच एजंसी के रूप में कानून के नियमों से बंधी है और वैसे आम नागरिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं कर सकती, जो संदिग्ध तक नहीं हैं। जाहिर है, यह ईडी के कामकाज के तौर-तरीकों पर एक बार फिर गहरा सवालिया निशान है, जो उसकी साख को कसौटी पर रखता है। अगर इससे शासन के काम का एक ढांचा तैयार होता है तो उसका लोकतंत्र और जनता के अधिकारों पर भी प्रभाव पड़ेगा। विडंबना यह है कि ईडी के रवैये की वजह से पिछले कुछ समय से इस संबंध में कई सवाल उठे हैं। शायद इसी वजह से अदालत ने यह भी कहा कि इतिहास से कोई सबक सीखना है तो यह देखना चाहिए कि मजबूत नेता, कानून और एजंसियां आमतौर पर उन्हीं नागरिकों को निशाना बनाती हैं, जिनकी रक्षा का वे संकल्प लेती हैं। इस टिप्पणी को जनता के अधिकार और राज्य के कर्तव्य के संदर्भ में देखा जा सकता है, जिसमें उम्मीद की जाती है कि लोगों के मौलिक अधिकारों का हनन नहीं किया जाएगा। करीब एक वर्ष पहले सुप्रीम कोर्ट की ओर से भी ईडी को यह सलाह दी गई थी कि वह अपनी कार्यशैली से भय का माहौल पैदा न करे। शीर्ष अदालत की टिप्पणी इस बात का इशारा थी कि एजंसी को राजनीतिक विरोधियों पर लगे आरोपों की जांच को लेकर संतुलित रुख अख्तियार करने की जरूरत है। आखिर ऐसी शिकायतों की नौबत क्यों आनी चाहिए कि किसी एजंसी के अधिकारियों के पेश आने का तरीका कई बार भयादोहन की तरह लगने लगता है। इस तरह के व्यवहार का एक स्वाभाविक नतीजा यह होता है कि वास्तविक कारण भी संदिग्ध लगने लगते हैं। ऐसे में ईडी के सामने यह विचार करने का वक्त है कि विपक्षी दलों से लेकर अदालतों तक के बीच उसकी कार्यशैली को लेकर जैसी राय बन रही है, वह उसकी साख को किस हद तक प्रभावित कर रही है और उसे अपने तौर-तरीके में क्या सुधार करने की जरूरत है।

# योग प्रशिक्षिका मंजू राणा ने उत्तीर्ण की योग जज परीक्षा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। योगासन भारत के नेतृत्व में 29 अप्रैल से 3 मई 2024 तक नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनएस एनआईएस) पटियाला, पंजाब में ओलम्पिक की यात्रा में महत्वपूर्ण कदम के रूप में आयोजित हुए चौथे राष्ट्रीय योगासन जज प्रशिक्षण कार्यक्रम, लेवल 1, 2 और लेवल 2+ विशेषज्ञता पाठ्यक्रम की जज परीक्षा उत्तीर्ण कर योग प्रशिक्षिका मंजू राणा ने उत्तराखंड राज्य का मान बढ़ाया है। योग प्रशिक्षिका मंजू राणा ने बताया कि योगासन भारत के महासचिव डॉ जयदीप आर्य, साईं कार्यकारी निदेशक विनीत कुमार के निर्देशन में चौथे राष्ट्रीय योगासन जज प्रशिक्षण कार्यक्रम, लेवल 1, 2 और लेवल 2+ विशेषज्ञता पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 180 से अधिक सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेश से आए जजों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। जो योगासन खेल से संबंधित आने वाली प्रतियोगिताओं में जजिंग का कार्य करेंगे। स्टेट, नेशनल योगासन प्रतियोगिता, खेलो इंडिया प्रतियोगिता, योगासन खेल से संबंधित विभिन्न सत्र आयोजित किए गए। जिसमें योगासन प्रतियोगिता में होने वाली बारीकियो के बारे में और तकनीकी जानकारी के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया गया और योगासन भारत द्वारा योगासन खेल को 12 इवेंट में कराया जाता है इस विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। एवं इस दौरान प्रतियोगिताओं हेतु ट्रेडिशनल ग्रुप इवेंट्स



एवं सुपाइन कैटेगरी को जोड़ा गया है। एवं उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तराखंड राज्य के विभिन्न जनपदों के लगभग 10 योग प्रशिक्षकों ने भी प्रतिभाग कर जज परीक्षा उत्तीर्ण की। मंजू राणा ने बताया कि योगासन सत्र के दौरान ओलंपिक मेडलिस्ट लवलीना, प्रवीण हुडडा और उनके कोच द्वारा भी उनके बॉक्सिंग खेल में कितना सुधार उन्होंने किया आसन, प्राणायाम, ध्यान के माध्यम से इसके बारे में बॉक्सर खिलाड़ी लवलीना ने विस्तार पूर्वक बताया ।उन्होंने कहा योग से हमारा शरीर फ्लैक्सिबल रहता है, सूर्य नमस्कार से हमारा वार्मअप हो जाता है, मेडिटेशन और प्राणायाम से हम कंसंट्रेट रहते हैं और हमारी इम्यूनिटी पावर बढ़ जाती है इसलिए प्रत्येक खेल के खिलाड़ी को अपनी दिनचर्या में योग को जरूर शामिल करना चाहिए। योगासन भारत के महासचिव डॉ जयदीप आर्य ने अपने उद्बोधन में कहा योगासन खेल बहुत जल्द ही ओलंपिक में शामिल किया जायेगा जिससे हमारे भारत के समस्त योग के खिलाड़ी हमारे राष्ट्र के लिए मेडल जीतकर योग खेल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पूरे विश्व में अपने देश का नाम रोशन कर सकेंगे। समापन समारोह के अवसर पर डॉ संजय मालपानी, उमंग डॉन, डॉ एम निरंजन, सी.वी जयंती, डॉ आरती पाल , योगासन भारत कोषाध्यक्ष रचित कौशिक कार्यकारी परिषद के सदस्य रोहित कौशिक, डॉ सी.के मिश्रा, शमील मोन कलंगोट, अभिजित बोष, एवं श्रेयस मारकंडे, पारुल शर्मा शामिल रहे।

# वनाग्नि नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए चलाया अभियान

नैननीताल(उद संवाददाता)। जनपद नैनीताल में वनाग्नि की घटनाओं के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु ग्राम सभा स्तर पर चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत पर पंचायतीराज विभाग द्वारा गाम प्रधानों, सदस्यगणों एवं ग्रामवासियों की साझेदारी सुनिश्चित कराते हुए वनों एवं इससे लगे ग्रामों को वनाग्नि से बचाने हेतु ग्राम सभा स्तरीय कार्मिकों एवं अन्य कार्मिकों के सहयोग से ग्राम सभाओं की खुली बैठकें आयोजित करने में लगा हुआ है। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुसार विभाग द्वारा जनपद के समस्त ग्राम सभाओं की बैठकों हेतु रोस्टर जारी किया गया। ग्रम पंचायत विकास अधिकारियों द्वारा रोस्टर के अनुसार ग्राम सभाओं में ग्रामवासियों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित



कराते हुए बैठकों में खुले स्थानों एवं सार्वजनिक स्थानों पर कूड़े को जलाये जाने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाए जाने के प्रस्ताव आम सहमति से पारित किये जा रहे हैं। इसके साथ ही प्रस्ताव के विरूद्ध कार्य करने वालों के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम, पंचायत राज अधिनियम एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही करने सम्बन्ध में निर्णय लिये जा रहे हैं। इन बैठकों में ग्राम के आम ग्रामवासी काफी बढ़-चढ़ कर भाग ले रहे हैं तथा वन विभाग एवं प्रशासन को हर सम्भव मदद करने हेतु अपना मत दे रहे हैं। इन बैठकों के माध्यम से वनाग्नि की घटनाओं की रोकथाम हेतु ग्रामवासी स्वतः आग बुझाने के कार्य कर रहे हैं एवं वनाग्नि आदि से सम्बन्धित सूचनाएं भी त्वरित रूप से जिला नियंत्रण कक्ष को दे रहे हैं। ग्राम सभाओं की इन बैठकों की वर्तमान प्रगति के सम्बन्ध में जिला पंचायत राज अधिकारी सुरेश बैनी द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 04 मई को विकास खण्ड धारी की अधरिया व पोखाड, विकास खण्ड रामगढ़ के गल्ला, छ्योड़ी, जौरासी, लोध, सुयालगाढ़, झूतिया, बड़ीबांझ, मनरसा व कमोली, विकासखण्ड भीमताल के सलड़ी, विकासखण्ड बेतालघाट के सेठी, बेलगांव, कटीनगजार, धनियाकोट, खलाड़, जिनोली, दिग्थरी, पाडली, छड़ा, खैरना, जोग्यानी, जोशीखोला, डोबा, धारी, कोरड, घंघरेटी, पटोड़ी सुनस्यारी व बादरकोट आदि ग्राम सभाओं में आमसभा की बैठक आहूत करते हुए सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न जलाने सम्बन्ध प्रस्ताव पारित किये गये एवं आम जनमानस / ग्रामवारियों को वनाग्नि रोकथाम के लिये जागरूक भी किया गया। बताया गया कि जनपद के 08 विकसखण्डों की 479 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष 398 ग्रामसभाओं में आमसभा की खुली बैठक आहूत की जा चुकी हैं। इन बैठकों के उपरान्त ग्रामवासी श्रमदान आदि करके सूखी पत्तियां एवं अन्य ज्वलनशील कूड़े का निस्तारण कर रहे हैं।

# संगत ने चुघ का इस्तीफा वापिस लेने पर जताया हर्ष

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गोल मार्किट प्रबंधक कमेटी की एक मीटिंग आयोजित हुई द्य जिसमें गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गदरपुर में हुई समूह साध संगत की मीटिंग में गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब के अध्यक्ष स. हरबंस सिंह चुग द्वारा अपना इस्तीफा वापिस लेने पर हर्ष व्यक्त की गयी। विदित रहे कि पिछले दिनों बाबा तरसेम सिंह की हत्या के उपरांत उत्पन हुए हालातों और उनके खिलाफ नामजद प्राथमिक रिपोर्ट की वजह से स. हरबंस सिंह चुग ने अपने पद इस्तीफा दे दिया था। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गदरपुर में नानकमत्ता साहिब की प्रबंधक कमेटी के 16 डायरेक्टरों, इलाके के समस्त गुरुद्वारों के पदाधिकारियों एवं समूह साधसंगत की साँझा मीटिंग में श्री नानकमत्ता साहिब प्रबंधक कमेटी के प्रधान स. हरबंस सिंह चुघको अपना इस्तीफा वापिस लेने का निवेदन किया गया। स. हरबंस सिंह ने सारी संगत के निर्णय को हुकुम मानते हुए स्वीकार किया। बैठक आशा व्यक्त की कि स. चुघ अपना 5 वर्षों का कार्यकाल पूर्ण करेंगे और पंथ की बढ़-चढ़ कर सेवा करेंगे। प्रबंधक कमेटी गुरुद्वारा गोल मार्किट उन्हें हमेशा हर संभव सहयोग प्रदान करती रहेगी। मीटिंग में उत्तराखण्ड सरकार से अनुरोध किया गया कि बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड की निष्पक्ष जाँच की जाये।

# एसपी ने मासिक क्राइम बैठक दिए सख्त दिशा निर्देश

बागेश्वर(उद संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रह्लाद कोंडे ने पुलिस लाइन सभागार में जिले के पुलिस अधिकारियों की बैठक ली।मासिक अपराध गोष्ठी समीक्षा बैठक में क्राइम कार्यो की समीक्षा के बाद सभी थाना/ओपी प्रभारी/संबंधित शाखा प्रभारी को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए।अपराधों की समीक्षा कर लंबित विवेचनाओं/



शिकायतों के मामलों में गुणवत्तापूर्ण शीघ्र निस्तारित करनेके निर्देश दिए। ,पुलिस अधिकारियों /कर्मचारियों के मनोरंजन/उत्साहवर्धन/फिट रहने हेतु किया गया बॉलिबाल का आयोजन किया गया ।लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने एवं अन्य सराहनीय कार्य करने के उपलक्ष्य में सामूहिक भोजन का हुआ आयोजन हुआ।विशिष्ट/साराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी/ कर्मचारीगणों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। एसपी कोंडे ने अधिकारी/जवानों को शारीरिक व मानसिक रुप से चुस्त व दुरुस्त रखने तथा पुलिस बल में एकरुपता व अनुशासन के लिए परेड कराई, जिसमें रनिंग, ड्रिल अभ्यास व शस्त्र अभ्यास आदि कराया गया, जिसके बाद अधिकारियों के साथ क्राईम मीटिंग व पुलिस कर्मचारियों का सम्मेलन आयोजित किया गया। कर्मचारी सम्मेलन में एसपी कोंडे ने प्रत्येक थाना/चौकी व शाखाओं से आये सभी अधिकारी कर्मियों की समस्याए सुनी, और उनकी समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए।वही अपराध गोष्ठी में जनपद में घटित अपराधों की समीक्षा करते हुए सभी पुलिस क्षेत्रान्तर्गत सघन चौकिंग अभियान चलाकर अवैध मादक पदार्थो की तस्करी/ बिक्री करने, अवैध शराब का कारोबार करने वालों/होटल व ढाबों में अवैध रुप से लोगों को शराब पिलाने व बेचने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशत किया गया। सभी थाना प्रभारियों को महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों पर त्वरित कार्यवाही करने,समस्त थानों में दर्ज अपराधों, अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही एवं अपराधों के निस्तारण/ लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की गई। सम्बंधित सर्किल सीओ व थाना प्रभारियों को लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले एवं शराब पीकर वाहन चलाने वाले/ ओवरलोड /ओवर स्पीड/रैश ड्राइविंग एवं मोबाईल पर बात करते हुए वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्यवाही के निर्दश दिए। साईबर शिकायतों को गंभीरता से लेकर साईबर सेल से आवश्यक सहयोग प्राप्त करते हुए अपराधियों के प्रभावी कार्यवाही करेंस ग्रामीण व नगर क्षेत्रों में अधिक से अधिक जनजागरुकता अभियान चलाकर लोगों को जागरुक करें। विशिष्ट/ सराहनीय कार्य करने वाले कार्मिकों को उत्साहवर्धन हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।इस दौरान एसपी कोंडे ने पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी,प्रभारी चुनाव सैल इंस्पेक्टर सलाउद्दीन सहित हेड कांस्टेबल जगदीश चन्द्र जोशी हिमांशु वर्मा आरक्षी सुनीता रानी को सम्मानित किया।वही वर्ष 2023 में दोषसिद्धि दर प्रर्दशन शत फीसदी रहने पर थानाध्यक्ष काण्डा खुशवन्त सिंह व थानाध्यक्ष कौसानी मनवर सिंह को मुख्यालय से प्राप्त प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस दौरानहेड कांस्टेबल चालक दिनेश चन्द्र,कांस्टेबल चालक जितेन्द्र प्रसाद भुवन प्रसाद, अमित पंत ,सुरेश खाती को सम्मानित किया गया।

# बूथ अध्यक्ष घर घर जाकर छूटे मतदाताओं दर्ज करायेंगे नाम

बागेश्वर(उद संवाददाता)। नगर कांग्रेस कमेटी की आगामी पालिका चुनाव की तैयारियों में जुट गई हैं, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर अध्यक्ष सुनील पांडे के नेतृत्व में कांग्रेस जिला महामंत्री कवि जोशी के पर्यवेक्षण में बैठक की।बैठक में आगामी नगरपालिका चुनाव में संगठन की मजबूती और मतदाताओं से बेहतर संवाद स्थापित करते हुए सभी11 वार्डो में बूथ अध्यक्ष और बीएलओ के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए सभी 23बूथों में प्रत्येक मतदाता का नाम मतदाता सूची में अंकन कराएंगे,कोई भी मतदाता मतदाता सूची में नही छूटे इसके लिएघर घर पहुंचकर बीएलओ से



मतदाताओं का नाम सूची में दर्ज कराएंगे। कांग्रेस जिला महामंत्री कवि जोशी ने बताया कि कार्यकर्ता बेहतर जनसंवाद और जनहित के मुद्दों पर आमजन के साथ बेहतर तालमेल स्थापित करते हुए स्थानीय जनसमस्याओं के समाधान के लिए कार्य करेंगे, कहा कि आगामी निकाय चुनाव में उनके द्वारा भी सामान्य सीट आने पर दावेदारी की गई है, इसलिए सभी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के साथ बेहतर तालमेल स्थापित करते हुए प्रत्येक मतदाता से कार्यकर्ताओं को बेहतर संवाद स्थापित करना होगा। इस दौरान बैठक में कुंदन गोस्वामी, यूथ कांग्रेस महासचिव दिव्यांशु कुमार, ललित गोस्वामी,विनोद पाठक,मनमोहन जौहरी,ईश्वर पांडे,सुरेंद्र सिंह पालनी,सुंदर लाल,रमेश राम,अजय, रिजवान, शैलेन्द्र चौहान,सुंदर लाल,प्रेम तिवारी आदि मौजूद थे।

# यूकेडी ने की खनन नीति पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग

## खनन निदेशक के साथ अपर सचिव को भी किया जाए निलंबित : जयप्रकाश

देहरादून(उद संवाददाता)। खनन निदेशक एस एल पैट्रिक को निलंबित करने के मामले में यूकेडी ने अपर सचिव को भी निलंबित करने की मांग उठाई है। उत्तराखंड क्रान्ति दल के केंद्रीय उपाध्यक्ष जयप्रकाश उपाध्याय ने कहा कि अपर सचिव को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाना चाहिए। उत्तराखंड क्रान्ति दल के केंद्रीय उपाध्यक्ष जयप्रकाश उपाध्याय ने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल ने खनन घोटाले को उजागर करते हुए दिनांक 17 अप्रैल 2024 को मुख्य निर्वाचन आयुक्त को मांग पत्र में खनन घोटाले में लिप्त खनन निदेशक एवं अपर सचिव को निलंबित एवं बर्खास्त करने की मांग की थी स जिसमें सरकार द्वारा केवल खनन निदेशक को निलंबित किया गया है। जबकि प्रथम दृष्टि में ही अपर सचिव का नाम खनन निदेशक द्वारा उजागर किया गया था। खनन निदेशक द्वारा अपनी प्रथम सूचना रिपोर्ट में अपहरण करने और अपहरण कर जबरदस्ती शराब पिलाने, गाली गलौज करने तथा 50 लाख रुपए की मांग और साथ में खनन पट्टा जारी करने के लिए अपहरण करने की सूचना पुलिस को दी गई थी। इसमें निदेशक द्वारा कहा गया था कि मेरा अपहरण अपर सचिव के मित्र द्वारा किया गया है स सरकार को चाहिए कि अपर सचिव के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्यवाही अमल में लानी चाहिए स ये प्रकरण केवल 50 लाख तक सीमित नहीं है यह मामला सैकड़ों करोड़ों के घोटाले की मिली भगत है, जिसमें अधिकारी और माफिया मिलकर सरकार को करोड़ों रुपए की क्षति पहुंचा रहे हैं । खनन निदेशक पैट्रिक विवादित



व्यक्ति के तौर पर प्रदेश में काम करते रहे हैं। इनके द्वारा पूर्व और वर्तमान में भी खनन कारोबारी से भी समय-समय पर राजस्व वसूली न करने का आरोप लगा है। जो सरकार द्वारा निलंबित आदेश में स्पष्ट किया गया है। खनन निदेशक द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त खनन पट्टों की समय पर नीलामी नहीं की गई है जिससे सरकार को आर्थिक क्षति हुई है। प्रदेश में अवैध खनन के लिए माहौल बनाना निदेशक के कार्य प्रणाली पर हमेशा प्रश्न चिन्ह लगता रहा है। किंतु कोई भी सरकार खनन निदेशक पैट्रिक की जांच नहीं कर पाई है। यूकेडी का कहना है कि केवल खनन निदेशक पैट्रिक को निलंबित करने से काम चलने वाला नहीं है। एस एल पैट्रिक के साथ अपर सचिव को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए बर्खास्त किया जाना राज्यहित में है । उत्तराखंड क्रांति दल ने मांग की है कि सरकार वर्तमान में चलित खनन नीति पर श्वेत पत्र जारी करें। सरकार जनता को बताएं कि सरकार द्वारा खनन कारोबारी से सरकार पारदर्शिता रखते हुए किस प्रकार राजस्व वसूली कर रही है। इसके साथ ही मांग की है कि प्रथम दृष्टि पैट्रिक और अपर सचिव दोषी हैं जिनको तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए किसी उच्च न्यायालय से सेवा निवृत माननीय न्यायाधीश की अध्यक्षता में स्पेशल जांच कमेटी गठित कर उपरोक्त दोनों अधिकारियों द्वारा किए गए घोटालों और एकत्रित की गई अतिरिक्त संपत्ति की जांच की जानी चाहिए। दोनों से उनकी संपत्ति का विवरण शपथ पत्र के माध्यम से जांच अधिकारी को जमा कराया जाए। राज्य से राजस्व की हानि का आकलन करें और जांच के उपरांत दोनों अधिकारियों को प्रकाशित कर गिरफ्तार करें। यूकेडी का कहना है कि ऐसा न करने से ये माना जाएगा कि इस प्रकरण में सरकार भी संलिप्त है। जांच न होने की दशा में उत्तराखंड क्रांति दल खनन घोटाले को जनता के बीच ले जाकर आंदोलन करेगी।

# क्रिटिकल वाटर रिसोर्स के जीर्णोद्वार के लिए 80 जलस्रोत क्षेत्रों का चिन्हिकरण

हल्द्वानी। स्प्रिंग एवम रिवर रिज्यूविनेशन अथॉरिटी की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हल्द्वानी कैंप कार्यालय में हुई । जनपद में 80 जल स्रोतों एव 20 स्ट्रीम्स एवं गधेरो के स्प्रिंग एण्ड रिवर रिजुवेशन अथॉरिटी (एस.ए.आर.आर.ए) के प्रोजेक्ट हेतु पंचायती राज विभाग के डीपीआरओ को ग्राम स्तरीय कार्य योजना के लिए जनपद स्तरीय नोडल अधिकारी के साथ ही ब्लाक स्तर पर बीडीओ एवं एडीओ पंचायत को सहायक नोडल अधिकारी नामित किया। जनपद स्तरीय समिति की बैठक में जिलाधिकारी वंदना ने कहा कि क्रिटिकल वाटर रिसोर्स के जीर्णोद्वार के लिए 80 स्रोत हेतु क्षेत्रों का चिन्हिकरण किया गया है। जो कार्यदायी संस्था वर्तमान में उन क्षेत्रों में कार्य कर रही है उन्ही कार्यदायी संस्था को कार्य दिया जाए। उन्होंने कहा जल संवर्धन हेतु जो संस्था या एनजीओ कार्य कर रही है उन्हें भी इस प्रोजेक्ट में शामिल कर सुझाव लिये जाएं। उन्होंने बैठक में जलसंस्थान एवं जलनिगम के अधिकारियों से कहा



कि जलसंवर्धन हेतु 80 योजनाओं पर कार्य हेतु जिन क्षेत्रों का चिन्हिकरण किया गया है जो योजना वन विभाग के अन्तर्गत आती है उसकी सूची भी वन विभाग को शीघ्र दे दी जाए तथा शासन स्तर को भी योजनाओं की सूची भी शीघ्र प्रेषित की जाए। उन्होंने कहा कार्य जिला स्तर पर सीडीओ की निगरानी में किया जायेगा तथा ब्लाक स्तर पर बीडीओ एवं एडीओ पंचायत सहायक नोडल अधिकारी के तौर पर कार्य को सम्पादित करेंगे । साथ ही उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को नियमित मानिटरिंग करने के भी निर्देश दिये। इसके साथ ही जनपद स्तर पर 20 नदियां अथवा गधेरे सूख रहे है उन्हें कैसे जल संवर्धन हेतु रिचार्ज किया जाए इसके लिए वृक्षारोपण,चौकडैम, जल संग्रहण क्षमता के साथ ही कैचमेंट का सर्वे कर प्लान बनाया जाए। उन्होंने रामनगर हेतु 5,बेतालघाट हेतु 5 तथा भीमताल हेतु 5-5 योजनायें जलसंस्थान एवं जलनिगम टेकअप करेंगी। इसके साथ ही हल्द्वानी एवं लालकुआं में 15-15 रिचार्ज पिट उन क्षेत्रों मे बनाये जाएं जहां जलभराव होता है उन स्थानों का चिन्हिकरण किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पाण्डे, डीएफओ सीएस जोशी,जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी, अधिशासी अभियंता पेयजल निगम मनोज कुमार, अशोक प्रजापति, जलसंस्थान आर एस लोशाली, नन्द किशोर, मुख्य कृषि अधिकारी वी के यादव के साथ ही सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# जंगलों में बेकाबू आग बुझाने में जुटी फायर वाचरों की टीमें

हल्द्वानी। वनाग्नि घटनाओं को रोकने हेतु वन विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा जनपद में सक्रियता के साथ वनाग्नि को रोकने का कार्य किया जा रहा है। वन संरक्षक डा0 विनय भार्गव पश्चिमी वृत्त ने बताया कि हल्द्वानी वन प्रभाग नन्धौर रेंज के भलसैनी बीट उत्तरी आवला खेड़ा में आज प्रात: 5:35 बजे प्राप्त फायर अलर्ट के क्रम में नंधौर राजी के 09 कर्मचारियों द्वारा भलसैनी बीट में प्रात: 7:00 बजे घटनास्थल पर पहुंचकर वनाग्नि नियंत्रण की कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त बालौट पटरानी बीट उत्तरी बालौट हल्द्वानी वन प्रभाग नंधौर रेंज में वनाग्नि की घटना पाई गई, जिसे विभागीय कार्मिकों एवं फायर वाचरों की सहायता से नियंत्रित किया गया। इस क्षेत्र में वनाग्नि का निरीक्षण करने के लिए जिला स्तर से प्राप्त वाहनों का प्रयोग कर गस्त किया जा रहा है। वन संरक्षक श्री भार्गव ने बताया कि दक्षिणी कुमाऊं नैनीताल वन प्रभाग के बढौन वन क्षेत्र पनियाबोर वन पंचायत में पूर्वाहन 9:00 बजे वनाग्नि की सूचना प्राप्त हुई, जिसे वन क्षेत्राधिकारी बढ़ौन के नेतृत्व में विभागीय कार्मिकों, फायर वाचर, ग्राम प्रधान, ग्रामीणों तथा एफटीआई के प्रशिक्षु वन क्षेत्राधिकारियों के सहयोग से वनाग्नि नियंत्रित की कार्यवाही गतिमान है। उन्होंने स्थानीय जनता से अपील की है कि वन क्षेत्र में कोई भी अग्नि दुर्घटना होने पर विभागीय टोल फ्री नम्बर 18001804141, आपदा कन्ट्रोल रूम 05942-231179, पश्चिमी वृत्त 05946-220003 एवं दक्षिणी वृत्त 05946-235452 पर सूचना दें।

## पेज एक का शेष...

**गुरूद्वारा नानकमत्ता प्रबंध कमेटी....**कर लिया और सर्वसवम्मति से नए प्रधान के रूप में जोगिंदर सिंह को चुन लिया। नये प्रधान की घोषणा के बाद निवर्तमान प्रधान हरबंस सिंह चुघ भी गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में अपने समर्थक डायरेक्टरों के साथ पहुंच गये। हरबंस सिंह चुघ के समर्थन वाले कुछ डायरेक्टर गुरुद्वारा कार्यालय में पहुंचकर बैठक करने लगे जिससे गुरुद्वारा परिसर में तनाव का माहौल हो गया। नए प्रधान चुने गए जोगिंदर सिंह के समर्थकों ने उन्हें कमेटी कार्यालय से बाहर निकलने की मांग को लेकर जमकर हंगामा काटा। नये प्रधान जोगिंदर सिंह के समर्थक पंतनगर के सीओ ओमप्रकाश शर्मा से लगातार उन्हें बाहर निकालने की मांग कर रहे थे। जिससे कई बार पुलिस व समर्थकों के बीच नोंक झोंक की स्थिति बन गयी। सैकड़ो की संख्या में जोगिंदर सिंह के समर्थन में संगत भी पहुंची थी। तनाव को देखते हुए पंतनगर के सीओ ओम प्रकाश शर्मा, थाना अध्यक्ष देवेंद्र गौरव, थाना खटीमा सहित विभिन्न थाना चौकियों की पुलिस मौके पर तैनात थी। हंगामे और तनाव की स्थिति के बीच पुलिस ने माहौल को देखते हुए निवर्तमान प्रधान हरबंस सिंह चुघ को पीछे के रास्ते से बाहर निकाल दिया, लेकिन समर्थकों व संगत ने तराई महासभा से जुड़े एक डायरेक्ट कुलदीप सिंह पन्नू को घेर लिया, जिससे गुरुद्वारा परिसर के सामने माहौल तनावपूर्ण हो गया। पुलिस के हाथ पैर फूल गए, काफी देर तक संगत ने कुलदीप सिंह पन्नू को घेरकर रखा। पुलिस के सामने चुनौती थी कि कुलदीप सिंह पन्नू को कैसे सुरक्षित बाहर निकल जाए। सूझ बूझ से हरबंस सिंह चुघ को सुरक्षित छोड़कर वापस आए थाना अध्यक्ष देवेंद्र गौरव ने साहस दिखाते हुए संगत के सहयोग से ही कुलदीप सिंह पन्नू को सुरक्षित पुलिस की गाड़ी से बाहर भिजवाया। इस दौरान गुरुद्वारा परिसर के आसपास तनाव का माहौल बना रहा, पुलिस ने तराई महासभा के डायरेक्टर व प्रधान हरबंस सिंह चुघ के चले जाने पर ही राहत की सांस ली, हरबंस सिंह को पहले ही पुलिस ने तनाव के चलते सुरक्षित बाहर निकाल लिया था। गौरतलब है कि नानकमत्ता गुरूद्वारा साहिब के डेरा कारसेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या के बाद पुलिस ने मामले की जांच के लिए गुरूद्वारा पबंध कमेटी के पदाधिकारियों के खिलाफ मुदकमा दर्ज किया था जिसमें गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष कानाम भी शामिल था।

**रोडवेज और ट्रक की...**रही काठगोदाम डिपो की बस संख्या यूके 04पीए 1938 शनिवार रात दिनेशपुर मोड़ पर विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से भिड़ गयी। भिड़ंत में बस का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में बस परिचालक सूती भगवानपुर हल्द्वानी निवासी केदार जोशी पुत्र जयदत्त जोशी गंभीर रूप से घायल हो गये, उनके दोनों पैर फैक्चर हो गये हैं। उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया। जबकि चालक और बस में सवार कुछ यात्रियों को भी चोटें आयी है। हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया।

**पारिवारिक विवाद में...**रामगोपाल कालोनी रोहतक हरियाणा के रूप में हुई है। मृतक के रिश्तेदारों से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि अंकुर का पारिवारिक विवाद चल रहा था। संभवत: इसी कारण उसने खुदकुशी की।

**बिलों में गड़बड़ी...**होम, रैंकर्स अस्पताल, सेलाकुई स्थित मेडिकेयर अस्पताल, डालनवाला देहरादून स्थित कृष्णा मेडिकल सेंटर को निलंबित कर दिया गया है। इन सभी चिकित्सा संस्थानों से एक माह के भीतर निदेशालय ने स्पष्टीकरण मांगा है।

# किसानों की 150 बीघा भूमि मिट्टी के ठेके में नीलाम करने का आरोप

सितारगंज (उद संवाददाता)। रसोईयपुर गांव के किसानों ने निजी खेतों की भूमि कैलाश नदी में हुए मिट्टी उठान के ठेके में नीलाम करने का आरोप लगाया है। किसानों ने मिट्टी उठान के लिए पहुंची पोकलैंड मशीनों को भी वापस कर दिया है। किसानों का आरोप है कि इस मिट्टी के ठेके में 12 किसानों की करीब डेढ़ सौ बीघा निजी भूमि फंसी हुई है। जो निजी खेत है। उन्होंने प्रशासन को ज्ञापन देकर मामले में पैमाइश करने की मांग की है। कैलाश नदी किनारे बसे गांव ग्राम रसोईयापुर निवासी किसान अमरीक सिंह, गुरदेव सिंह, दर्शन सिंह, अमर सिंह, मुख्तार सिंह ने कोतवाल, एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि कैलाश नदी से आर सी एल कंपनी ने मिट्टी उठान के लिए पट्टा स्वीकृत कराया है। जिसमें किसानों की निजी भूमि भी नाप ली गई है। आरोप



लगाया कि नदी की सफाई के नाम पर किसानों के खेतों से भी अवैध रूप से मिट्टी उठाई जा सकती है। जिससे किसानों के खेत बंजर हो जायेंगे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया की मिट्टी खोदने की आड़ में नदी की कोख को भी बंजर किया जा सकता हैं। काश्तकारों ने रसोईयापुर गांव में मिट्टी उत्थान के कार्य का जमकर विरोध किया। उन्होंने मिट्टी खोदने पहुंची पोकलैंड मशीनों को विरोध स्वरूप वापस कर दिया है। अमरीक सिंह ने आरोप लगाया कि गलत पैमाइश कर किसानों की निजी भूमि कैलाश नदी में नाप दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व में की गई जांच में नदी के दूसरे दायरे में सरकारी भूमि दर्शाई गई थी।जबकि इस बार पैमाइश में करीब 12 किसानों की डेढ़ सौ बीघा भूमि सरकारी श्रेणी में दिखाकर मिट्टी का ठेका नीलाम किया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक काश्तकारों की निजी भूमि की स्थिति साफ नहीं होती है तब तक मिट्टी का ठेका लेने वाली फर्म को मिट्टी का उठान नहीं करने दिया जाएगा। वहीं दूसरी तरफ राजस्व विभाग के अधिकारी ने बताया कि नदी का दायरा 90 मीटर चौड़ा है। उन्होंने दायरे को ध्यान में रखकर रिपोर्ट बनाई है।

# मोहिनीअट्टम की शानदार प्रस्तुति ने किया मंत्रमुग्ध

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को राजभवन ऑडिटोरियम में स्पिक मैके द्वारा एवं उनके संगीतकार साथियों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि भारतीय कला और संस्कृति की विरासत को संरक्षित



आयोजित मोहिनीअट्टम कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में केरल की प्रसिद्ध मोहिनीअट्टम नृत्यांगना डॉ. मीना प्रसाद करना बहुत जरूरी है, क्योंकि हमारी यह विरासत ही देश की पहचान और गौरव को बनाए रखती है। उन्होंने कहा कि कला के जरिए लोग अपने पूर्वजों से जुड़ाव महसूस करते हैं और उनकी कलात्मक उपलब्धियों से प्रेरित भी होते हैं। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय शास्त्रीय धरोहर में, संगीत, नृत्य, नाट्य, वास्तु, स्थापत्य और हर एक शास्त्रीय कला में एक समृद्ध विरासत देखने को मिलती है और ये हमारे पूर्वजों की सोच को बताते हैं, उनके महान विचारों का ज्ञान कराते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय शास्त्रीय धरोहरों में ऐसी अनगिनत कलाएं हैं जिनमें रहस्य, रोमांच, दिव्य आनंद और जीवन की गहन विद्याएं छिपी हुई हैं। राज्यपाल ने कहा कि युवाओं के बीच भारतीय शास्त्रीय संगीत को बढ़ावा देने वाली सोसायटी स्पिक मैके ने 47 साल की बहुत ही कम अवधि में एक लंबा सफर तय किया है और पूरे देश में सराहनीय काम किया है। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव राज्यपाल स्वाति एस भदौरिया, वित्त नियंत्रक राज्यपाल डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, स्पिक मैके संस्था के पदाधिकारीगण, राजभवन के अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिजन सहित गणमान्य लोग एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)





# वनाग्नि का कहर: आग से झुलसे चार लोगों की मौत

## उत्तराखंड में अब तक वनाग्नि की कुल 868 घटनाएं सामने आई,आग से 1085.998 हेक्टेयर जंगल भी जले



देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में वनाग्नि की घटनाओं में अब तक चार लोगों की मौत हो गई है। वहीं कई जिलों में आग बुझाने के दौरान स्थानीय लोगों के झुलसने की भी घटानायें सामने आ रही है। बीते गुरूवार को अल्मोड़ा के सोमेश्वर के स्यूनराकोट के जंगलों में लगी आग की चपेट में आने से एक नेपाली मजदूर की मौत हो गई थी। जबकि तीन मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल तीन मजदूरों में से दो मजदूरों ने भी इलाज के दौरान दम तड़ दिया है। बता दें कि सोमेश्वर के स्यूनराकोट के जंगलों में लगी आग की चपेट में आने से नेपाली मजदूर दीपक पुजारा (35) की मौके पर ही मौत हो गई थी और तीन अन्य लोग घायल हो गए थे। घायल तारा (30), ज्ञान बहादुर (40) की शुक्रवार को अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि अग से झुलसने के बाद ऋषिकेश एम्स में जिंगदी की जंग लड़ रही चौथी महिला मजदूर पूजा ने भी दम तोड़ दिया है। गौरतलब है कि वनों में बेकाबू हो रही आग की घटनाओं को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को अहम बैठक ली। मुख्य मंत्री दिल्ली से ही वीडियोकांफ्रेसिंग के जरिये इस बैठक से जुड़े। उन्होंने वन विभाग की कार्ययोजना की समीक्षा की। देहरादून सचिवालय में शासन के आला अधिकारी इस बैठक में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री धामी ने अधिकारियों को हर स्तर के अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही तय करने के सख्त दिशा दिए है। प्रदेश में जंगल की आग का कहर कम होने का नाम नहीं ले रहा है। दिन पर दिन जंगल के जगंल जलकर खाक हो रहे हैं। अब तो जंगलों की आग रिहायशी इलाकों में भी पहुंचने लगी है। जंगल की आग से प्रदेश में अब तक तीन लोगों की मौत हो गई है। जबकि दो जिलें में तीन मकान जलकर राख हो गए हैं। प्रदेश में इस फायर सीजन में आग की कुल 868 घटनाएं सामने आई हैं। जिसमें से सबसे ज्यादा घटनाएं कुमाऊं से सामने आई हैं। कुमाऊं में 456 आग की घटनाएं, गढ़वाल में 344 और वन्यजीव क्षेत्रों में 68 घटनाएं अब तक सामने आई हैं। अब तक आग से 1085.998 हेक्टेयर जंगल जलकर खाक हो गए हैं।

## भीमताल के जंगलों में बेकाबू हो रही आग बुझाने पहुंचे ग्रामीण, अल्मोड़ा में हाईवे तक पहुंची आग की लपटें

भीमताल/अल्मोड़ा। जंगलों में लगी आग की लपटें अब लोगों के घरों तक पहुंचने लगी है। इससे ग्रामीण सहमे हुए हैं। शनिवार को भीमताल के चांफी के पनियाली और अक्सोड़ा के जंगलों में आग लगी रही। आग को बढ़ता देख स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फायर बिग्रेड के मक्खन सिंह ने बताया कि आग को पानी डालकर बुझा लिया गया। इधर, बेतालघाट ब्लॉक में जंगल में लगी आग शनिवार की दोपहर बाद जोग्याड़ी और फलयाड़ी के आबादी वाले क्षेत्र में पहुंच गई। आग को घरों के पास देखकर ग्रामीण आग बुझाने के लिए जंगल की ओर दौड़ पड़े। महिलाओं ने मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। ग्राम प्रधान शीला देवी ने बताया कि ग्रामीणों ने संयुक्त प्रयास से आग को आबादी तक पहुंचने से पहले ही बुझा दिया। इधर, खैरना-बेतालघाट स्टेट हाईवे के नीचे लगी आग की लपटों से वाहनों की रफ्तार कुछ देर तक थमी रही। साथ ही पहाड़ी से लगातार पत्थर गिरने से वाहन चालकों और यात्रियों में दुघर्टना का भय बना रहा। बाद में मार्ग से धुआं कम होने पर वाहन चालकों की आवाजाही शुरू हुई। वहीं अल्मोड़ा जिले में जंगलों की आग बेकाबू हो गई है। नगर के नजदीक अल्मोड़ा-क्वारब हाईवे तक जंगल की आग पहुंचने से आवाजाही रोकनी पड़ी। दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया। शनिवार दोपहर एक बजे के करीब अल्मोड़ा-क्वारब हाईवे के पास जंगल में आग लग गई। हाईवे के किनारे उठती आग की लपटों और घने धुएं के बीच चालकों के लिए वाहनों का संचालन करना मुश्किल हुआ। ऐसे में वाहनों की आवाजाही रोकनी पड़ी। कुछ देर बाद ही आग ठीक ऊपर करबला में संचालित होटल मैनेजमेंट संस्थान के पास पहुंची तो विद्यार्थियों और शिक्षकों में दहशत का माहौल रहा। सूचना पर फायर सर्विस की टीम ने मौके पर पहुंचकर दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अल्मोड़ा-क्वारब हाईवे किनारे चीड़ के कई पेड़ों के जलकर गिरने का खतरा बना हुआ है। ऐसे में यात्री और वाहन चालक जान जोखिम में डालकर आवाजाही करने के लिए मजबूर हैं। राड़ीखेत क्षेत्र के जंगलो में लगी आग बेकाबू होकर रानीखेत- रामनगर हाईवे तक पहुंच गई। धुएं से सड़क का दिखना बंद हो गया तो चालकों ने वाहनों की आवाजाही रोक दी। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगोंके साथ मिलकर आग बुझाई। इसके बाद आवाजाही शुरू हो पायी।